

Navaagat

# নবাগত

2016-18


सुबह की किरणें
लाती है उम्मीदों और सपनों का रथ
आइये, ये रथ आपके लिए है .....

# नवागत

## NAVAAGAT


| | | |
|---|---|---|
| Patron | : | Dr. Subhasis Haldar |
| Editorial Board | : | Dr. Shrivatsa Shastri<br>Dr. Shashi Tewari<br>Ms. Anupam Goel<br>Dr. Bhaskar Lal Karn<br>Dr. Surender Rohilla<br>Dr. Y. Prem Kumar<br>Dr. Parumita Ghosh<br>Dr. Monika Gupta<br>Ms. Monika Gulati<br>Dr. Sarita Tehlan<br>Dr. Ritu Kathuria (Convener) |
| Student Editors | : | Harshita Deka<br>Ankesh Singh<br>Lizza Talukdar<br>Shobha Kanwar<br>Mohd. Yasir Hafiz |
| Designing & Printing | : | Saran International Offset<br>Ph : 9818770735<br>Email : saranoffset@yahoo.com |
| Cover Painting | : | Karuna, B.Sc.(H) Maths, IIIrd yr |
| Image Sources | : | Internet, Himoji, Vinita |
| Script Typist | : | Surender Sharma |



Motilal Nehru College
(University of Delhi)
Benito Juarez Marg, New Delhi - 110021

# For Publication of Periodicals

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Title of the Magazine | : | Navaagat |
| 2. | Periodicity of Publications | : | Annual |
| 3. | Name of the Publisher | : | Dr. Subhasis Haldar, Acting Principal |
| | Nationality | : | Indian |
| | Address | : | Motilal Nehru College, New Delhi |
| 4. | Place of Publication | : | Motilal Nehru College, New Delhi |
| 5. | Name of the Printer | : | Saran International Offset |
| | Nationality | : | Indian |
| | Address | : | 439, Patparganj Indl. Area, Delhi-92 |
| 6. | Name of the Chief Editor | : | Dr. Ritu Kathuria |
| | Nationality | : | Indian |
| | Address | : | Motilal Nehru College, New Delhi |

I, Subhasis Haldar, do hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

March, 2018

# *Message from the Chairman*



As the academic session 2017-18 winds down, it's a good time for me share a few reflections about where we as Motilal Nehru College community have been and where we should be heading. In many ways it was a classic DU college academic year with many complex and controversial issues that played out in our lives and tested our values of commitment. At the same time, I am heartened by your passion and resolve when it comes to making our college campus and the world a better place. Over the course of several meetings with staff, faculty and students I have listened and learned and been humbled by your honesty, wisdom and vision to make our college a better place for learning and creativity. It further strengthens my resolve that the ocean of positivity that exists will be able to accommodate little differences that are there with grace and compassion to make this college a better place to work together for a common goal to nurture our future generations.

As for the students, these three are the years that transform you from little pupae to butterflies, ready to take on the world in your own wonderful and mysterious ways. It remains our resolve to provide you with all the opportunities and a positive environment where you not only become a responsible citizen but also a caring and passionate human being who makes this world a little better place than the one you have inherited.

With Best wishes

Sanjay Kapoor

Chairman, Governing Body

Motilal Nehru College

# *Message from the Principal's Desk*



It gives me great pleasure to write about the college in our annual magazine 'Navaagat'. Indeed, I am feeling honoured.

Motilal Nehru College, which was earlier known as Government College and Hastinapur College is situated in the picturesque location of trails of Aravalli Range. The sprawling campus which has many blocks is an ideal institute for all-round development of the students. Although, from city side, the college is in the backside of other colleges, but certainly it is not behind.

Besides regular teaching, the college is successfully carrying out skill development course since 2016-2017. This year we successfully launched e-cell, under 'Pradhan MantriYuvaYojna', perhaps the first in entire Delhi University Colleges.

With intelligent, workaholic, duty bound but modest college teachers, I am sure that we will very shortly achieve new heights in academic and other fields. I call all my beloved students to fully nurture the full potential that college is offering to you.

Let's achieve the best!

# EDITORIAL BOARD



**(From left to right) Dr.Monika Gupta, Dr.Shashi Tewari, Dr.Ritu Kathuria, Dr.Bhaskal Karn, Dr. Srivatsa Sastri, Dr. Y. Prem Kumar and Dr.Paroumita Ghosh**

## ***Editorial***

*In today's fast age, flooded with gadgets and media, we all are overburdened with the pressures of different kinds, and all these lead to stress. Stress is inevitable. From frustration with traffic to fear brought on by a health scare, stress constantly intrudes in our lives. But the consequences of stress don't have to be inevitable as well. Stress doesn't have to ruin your life or your health. You can counteract the damaging effects of stress by calling upon your body's rich potential for self-healing. Let us just find out what is that rich potential and how it can be used at its best!*

*First and foremost you need to give time to your ownself. Simple things, like a warm bath, listening to music, or spending time on a favourite hobby, can give you a much-needed break from the stressors in your life. It's impossible to escape stress when it follows you everywhere. Cut the cord! Avoid emails and TV news! Take time each day — even if it's for just 10 or 15 minutes — to escape from the world*

*Every time you are physically active, whether you take a walk or practise yoga, your body releases mood-boosting chemicals called endorphins. Exercising not only melts away stress, it also protects against heart disease by lowering your blood pressure, strengthening your heart muscle, and helping you maintain a healthy weight. Another very effective way to get rid of stress is to meditate. This practice of inward-focused thought and deep breathing has been shown to reduce heart disease risk factors such as high blood pressure. The practice of meditation is thousands of years old.....yet it is not so easy. Especially if your fears, feelings and*

*emotions are very intense, you may not be able to free yourself from them so easily. What may come as a rescue is writing...Yes writing is a very good stress reliever!*

*Some of us think that writing is only for writers. But writing is for all of us! Writing creates a mind-body-spirit connection. When you use your hands to pen or type something directly from your brain, you are creating a powerful connection between your inner experience and your body's movement out in the world. We should write because it is human nature to write. We should write because humans are spiritual beings and writing is a powerful form of prayer and meditation, connecting us both to our own insights and to a higher and deeper level of inner guidance as well… We should write because writing is good for the soul.....!*

*The Magazine Committee of Motilal Nehru College is committed to cultivate writing skills amongst the students and staff. This year, a very hardworking and talented team of students has taken the lead to form a Magazine Society "CROSS THOUGHT". During the current year, this society has brought out two issues of wall magazine on different matters of societal concern. Besides, the fest "Navaagaman" was organised to motivate students to write articles and poems for the present magazine .*



*This year is special for yet another reason. We are going to start the e-version of our magazine "NAVAAGAT" and make an archive of the magazine and the Annual Report on the web page of our college. Besides helping us to cut down on paper consumption the e-magazine will help us to reach out to more readers and perhaps we might be able to bring out more than one issue in the coming years.*

*The present magazine is a beautiful combination of poems, articles,write-ups and pictures of society events, showcasing the life at Motilal Nehru College during the current academic session. It is indeed a matter of great pride to bring out the present issue that truly reflects our commitment to take the prestige of our college to the top.*

*With best wishes.*

*Dr. Ritu Kathuria*

*"We are shaped by our thoughts; we become what we think. When the mind is pure, joy follows like a shadow that never leaves."* - *GAUTAM BUDDHA*



# रचनात्मक

# CREATIVITY ZONE

# ON INCREASING INEQUALITY

***A Sunil Dharan***
*Assistant Professor, Dept. of Economics*

Ever since the publication of Thomas Piketty's*magnum opus*, the problem of inequality seems to have caught the fancy of the economics profession. It is not that economists were unaware of this problem earlier but those who worked on it and highlighted the issue were in a minority.Of late, however, there has been a flurry of papers and reports on the subject.

In a briefing paper, provocatively titled *Reward Work, Not Wealth,*published in January this year, Oxfam International has come out with revealing details on the issue. The year 2017 witnessed the largest addition to the number of billionaires in human history. A new billionaire was born every two days. Their wealth went up by $762 billion which was seven times the amount required to end extreme poverty in the world. Also, 82 per cent of this additional wealth went to the top 1 per cent of the global population whereas the bottom 50 per cent did not see any increase in its wealth. It is startling that the richest 1 per cent has more wealth than the rest of humanity.

The link between income and wealth inequality is important. A part of income is saved and accumulated savings is wealth. So a high degree of income inequality automatically leads to a high degree of wealth inequality. The Oxfam report points out thatmuch of the increased wealth of billionaires is not earned wealth in the sense that it is not accumulated savings from earned incomes. About two-thirds of the increased wealth of billionaires is the result of 'inheritance, monopoly and cronyism'. So a large part of wealth inequality is not because of income inequality.



At the same time income inequality also has been rising sharply. According to the *World Inequality Report 2018*, brought out by the World Inequality Lab, between 1980 and 2016 the top 1 per cent of the population captured 27 per cent of the total growth in incomes and the bottom 50 per cent could capture only 12 per cent of the total growth.

Mainstream economists believe that some degree of income inequality is warranted by differences in 'talent, effort and risk taking'. They argue that some degree of income inequality is desirable because it incentivises savings, investment and innovation, the essential ingredients for growth. It is further argued that the benefits of this growth would gradually trickle-down to the poorer sections of the population through increased demand for goods and services and other means.The Oxfam report however points out that the degree of income inequality today is much

more thanwhat can be justified on the grounds of 'talent, effort and risk taking'.Moreover, it has been found that property incomes have risen much faster than wage incomes. Even among wage earners it is the high wage earners who experienced increase in their incomes. The incomes of the low wage earners either stagnated or came down.

How does India fare among all these? In a recent study on India (*Indian income inequality, 1922-2014: From British Raj to Billionaire Raj?*), Lucas Chancel and Thomas Pikettyshow that income inequality in India today is at the highest level since 1922. It had come down significantly since the early 1950s till the late 1970s. But since the early 1980s income inequality has been on the rise.The share of national income accruing to the top 1 per cent of the population was about 10.3 per cent in 1949-50. It had come down to around 6 per cent by the early 1980s. But by 2013-14 it rose to 21.7 per cent. At the same time, the bottom 50 per cent of the population saw its share in income rise to 23.6 per cent in 1982-83 from 19 per cent in 1955-56. However by 2013-14 its share had come down to 14.9 per cent.

*– लुप्त होती लोकोक्तियाँ –*

- **उत्तम खेती मध्यम बान,**
  **निकृष्ट चाकरी भीख निदान**

*(अर्थात् खेती सबसे श्रेष्ठ व्यवसाय है, व्यवपार मध्यम है, नाकरी करना निकृष्ट है और भीख माँगना सबसे बुरा। यह बुद्धिमानों का महानुभूत सिद्धांत है पर आज कल कृषिजीवी ही सबसे अधिक दरिद्र पाए जाते हैं। )*

Wealth inequality has also been rising in recent years. According to the Oxfam report, the share of wealth with the top 10 per cent of the population went up from 52 per cent in 1991 to 63 per cent in 2012. And the share of the bottom 50 per cent went down from 9 per cent to 5.3 per cent over the period. Scholars have attributed the reduction in inequality in the early years of planning to the redistributive policies that were undertaken then while the pro-business tilt in our economic policies has been held responsible for the rise in inequality since the 1980s.

Such high and rising inequality is not only undesirable in itself it can also act as a fetter on the future growth and development of the economies.A variety of policy measures have been suggested to combat this trend. Important among them are a redistributive fiscal policy which includes a progressive income tax structure, taxes on wealth, inheritance tax or estate duty etc., combined with income support for the poor, increased government spending on public services, regulation of capital and a global tax on capital with uniform rate across the world to ensure that capital does not move to countries with lower tax rates.But implementation of these policies would call for a change in politics.

''बताऊँ ?
कैसे लगते हैं
दरिद्र देश के धनिक ?
कोढ़ी कुढब तन पर मणिमय आभूषण !''

*(नागार्जुन, नागार्जुन रचनावली, खण्ड एक, पृ० २४२)*

# क्या हर गलती को माफ़ किया जा सकता है?

*(एक तरफ जब दृश्य और दृष्टि में हो रहे परिवर्तनों से मनुष्य का अनुभव समृद्ध हो रहा है और जिसे सब सहज स्वीकार भी करते हैं ऐसे में प्रचलित सिद्धांतों, अवधारणाओं और मूल्य-विधानों को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। समय का हस्तक्षेप इन क्षेत्रों पर भी पड़ना अपरिहार्य है। इसी संदर्भ में 'क्या हर गलती को माफ़ किया जा सकता है?' विषय पर प्रस्तुत है एक* ***परिचर्चा****। प्रस्तुति के लिए हिंदी विशेष, द्वितीय वर्ष की छात्रा* ***शिवानी*** *का अथक श्रम प्रसंशनीय है। - संपादक मंडल)*

● हर गलती को माफ़ी से पूरा नहीं किया जा सकता क्योंकि अक्षम्य शब्द किसलिए है? अगर सब चीजों को क्षमा किया ही जा सकता तो अक्षम्य शब्द आता ही नहीं क्योंकि किसी शब्द की संरचना अगर होती है तो उसका कुछ अर्थ होता है। ऐसी बहुत सी बातें हैं। शब्दों की संरचना एक दिन में नहीं हो जाती है, उनका एक पूरा इतिहास होता है। इतिहास यह समेटे हुए होती है कि इस शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई। तो शब्द की उत्पत्ति से ही समझ में आता है हमें और फिर बहुत सारी गलतियाँ हैं जिसे कोई नहीं क्षमा कर सकता है। जैसे कि यौन उत्पीड़न (sexual harassment) को ही हम देख सकते हैं, वहाँ माफ़ी नहीं है, या शिक्षकों की बेइज्जती को ही देख लो - बहुत ऐसी घटनाएँ हैं जो अक्षम्य हैं। हाँ कुछ घटनाएँ ऐसी हैं जिसमें intention समझ आता है कि गलत इरादा (intention) नहीं था या वो माफ़ी मांगने, सुधरने की कोशिश कर रहा है। लेकिन अगर कोई व्यक्ति बार-बार वो गलती कर रहा है और फिर वो माफ़ी माँगे तो ये गलत है। इसलिए हर गलती नहीं माफ़ की जा सकती।




**- आनन्द,** *इतिहास विभाग*

● मुझे नहीं लगता है कि माफ़ी से हर गलती को माफ़ किया जा सकता है क्योंकि सबसे पहले तो यह देखना है कि जो माफ़ी माँग रहा है उसके इरादे क्या हैं। बहुत सारे अपराध कर लेते हैं आज के परिपेक्ष्य में और फिर ऊपरी तौर से माफ़ी माँगते हैं। मान लिया जाए एसिड अटैक (acid attack) किया गया किसी के ऊपर, जिस भी भावना से किया गया हो लेकिन माफ़ी माँगने से फिर उस व्यक्ति की पूरी ज़िंदगी वापस नहीं आ सकती। लोग माफ़ी माँग लेते हैं क्योंकि बाद में बहुतों को इस गलती का अहसास हो जाता है कि उन्होंने गलती किया था, लेकिन जिस व्यक्ति के साथ दुर्घटना हुई होती है उसकी तो पूरी ज़िंदगी बर्बाद हो जाती है जबकि उसकी कोई गलती नहीं होती। ऐसे बहुत सारे उदाहरण हरेक क्षेत्र में हैं। जैसे - किसी का मर्डर कर दिया जाए और फिर बोला जाए कि हमें माफ़ कर दीजिए। रोडरेज में किसी के साथ कुछ कर दिया। मैं हमेशा कहता हूँ कि गुस्सा subjective होता है। लोग कहते हैं कि गुस्सा आ गया।

आत्मविषयक होता है गुस्सा अर्थात् गुस्सा यह देखता है कि सामने जो target है वह कमजोर है या बलवान है। मान लीजिए कि आपने देखा कि आपके सामने वाला बहुत बलवान है तो आप कभी उससे ना संघर्ष करते हो ना उसपर तेजाब फेंकते हो, ना उससे झगड़ा करते हो। सामने वाला यदि कमजोर होता है तो आप उसी के साथ अत्याचार या हिंसा करते हो और बाद में माफ़ी मांगते वक़्त कहोगे कि उस समय मुझे गुस्सा आ गया था, मुझसे भूल हो गयी लेकिन गुस्सा हमेशा target देख के होता है। कोई भी कमजोर इंसान किसी बलिष्ट इंसान को कभी गुस्सा नहीं दिखाता और फिर बाद में माफ़ी मांग ले... कोई बलिष्ठ इंसान किसी लड़की का बलात्कार कर दे, मर्डर कर दे और बाद में माफ़ी माँग ले, बोले मुझसे आवेश में ऐसा हो गया तो मैं उस माफ़ी को ज़्यादा सही नहीं मानता। प्रायश्चित, पश्चाताप् कोई आदमी कर भी ले तो भी उस आदमी की पूरी ज़िंदगी वापस नहीं ला सकता, जिसके साथ दुर्घटना हुई होती है।

**– अतुल प्रियदर्शी,** *इतिहास विभाग*

● नहीं, हर गलती को माफ़ी, माफ़ नहीं कर सकती है क्योंकि गलतियों के कई स्तर होते हैं। कुछ गलतियाँ ऐसी होती हैं जो बिल्कुल माफ़ की जा सकती हैं, कुछ गलतियाँ ऐसी भी हैं जो सहज नहीं हैं, माफ़ करने में पर कुछ समय लेकर यह लगता है कि उससे हुआ नुकसान, उससे पहुँचा हुआ जो कष्ट है वह दूर हो रहा है, तो एक लम्बे समय के बाद उसको माफ़ किया जा सकता है। पर इनसे बिल्कुल अलग कुछ गलतियाँ ऐसी होती हैं जिनकी पीड़ा जीवनभर जाने-अनजाने मिल ही जाती है, तो अगर उस पीड़ा से नहीं उबर पाते हैं तब फिर चाह कर भी हम उसे माफ़ नहीं कर सकते। लेकिन ऐसे बहुत से उदाहरण मिलते हैं जहाँ पर बहुत झेलने के बावजूद जीवनभर दुःख झेलने के बावजूद लोगों ने माफ़ करने की अपनी बात कही है, या उसको सार्वजनिक की है, तो इसके लिए शायद एक बहुत बड़े बदलाव से गुजरना पड़ता है और ये शायद सबके साथ सम्भव नहीं है। उन्हीं लोगों के साथ सम्भव हो सकता है जो जीवन को एक दर्शन के रूप में देखते हों और उसे एक जीवन के अध्याय के रूप में स्वीकार करते हों।

**– डॉ० अरूणाकर पाण्डेय,** *हिन्दी विभाग*

● माफ़ी दी जा सकती है उसके लिए दो-तीन बिंदू पर खास ध्यान देना होगा। पहले, सामने वाले की भावना देखो जो माफ़ी माँग रहा है। दूसरा, अगर कोई हृदय से माफ़ी मांग रहा है और उसके प्रति प्रायश्चित का भाव है तो अवश्य ही उसे माफ़ी मिलनी चाहिए क्योंकि माफ़ी व्यक्ति को दूसरा मौका देती है। लेकिन अगर कोई नाटक कर रहा है तो एक बार अवश्य उसके बारे में सोचना चाहिए। अगर कोई सिर्फ इस बात के लिए माफ़ी मांगे कि उसे दंड मिलेगा तो इस पक्ष में एक बार के लिए सोचना पड़ेगा। इस बात के लिए माफ़ी मांगे कि वह सच में प्रायश्चित करना चाहता है तो माफ़ी आवश्यक पहलू बन जाती है।

**– संदीप,** *हिंदी विभाग*

● निर्भया के साथ जो भी हादसा हुआ है, उसे उसके अभिभावक मान लो माफ़ कर देते हैं, चलो हमने माफ़ कर दिया उन्हें जिन्होंने यह हादसा किया। क्या वह गुनाह नहीं रहेगा? या जिन्होंने यह कुकर्म किया है वह खुद को कभी माफ़ कर पायेंगे? उस अपराध से कभी बाहर

निकल पायेंगे अपनी ज़िंदगी में? एक ने तो आत्महत्या भी की थी वह नहीं निकल पाया, तभी आत्महत्या की न उसने? तो सबसे ज्यादा मुश्किल काम होता है खुद को माफ़ करना, दूसरे से तो माफ़ी ले भी सकते हो, दूसरा कह भी देगा, भूल भी जायेगा क्योंकि उसे खुद को जीना है, खुद के जीवन को स्थिर (settle) करना है। दूसरों को माफ़ करके आप खुद तो शांत हो ही सकते हो ना लेकिन अगर आपने गलती की है तो आपकी स्वजागरूकता/स्वचेतना (self conscious) कभी आपको माफ़ नहीं कर पाएगी। दूसरों के सामने आप कितना भी कहो, कितना भी करो कि हाँ कोई दिक्कत नहीं है आपको लेकिन आपकी स्वचेतना (self conscious) हमेशा आपको टोकती रहेगी कि आपने कुछ गलती की थी, कुछ न कुछ गुनाह किया था यह हमेशा आपके मस्तिष्क में रहेगा, खासतौर से एक वृद्धावस्था (old age) में जाकर तब वो चीजें ज्यादा आपको प्रभावित करेंगी, जो आपने गलती की हैं।

– **तरंग जैन,** *कम्प्यूटर साईंस*

● यह प्रश्न सभी उम्र के लोगों के लिए है। एक बच्चे, युवा, प्रौढ़ और वृद्ध सबके लिए। मतलब कि अगर बात उम्र पर आ जाए तो प्रश्न का मतलब बदल जाता है क्योंकि जब बच्चे की बात आती है तो हमारे हृदय में एक कोमल भाव आ जाता है। सातवीं कक्षा तक के बच्चे के लिए भी हम हृदय से यह महसूस करते हैं कि उसे माफ़ कर देना चाहिए। लेकिन सातवीं से ऊपर के बच्चों की बात जब आती है जो कि सब समझ पा रहे हैं उनके लिए फिर बात बदल जाती है, अर्थात् माफ़ी देने से पहले सोचना पड़ता है और इस बात पर भी ध्यान देना पड़ता है कि गलती किस किस्म की है? क्या वह उसकी पहली गलती है? अगर यह उसकी पहली गलती है तो हमारी कोशिश रहेगी कि उसे एक और मौका देना चाहिए और अगर वह इंसान इस उम्र में है कि वह सब कुछ समझ सकता है और उसने जो गलती की है वह बहुत बड़ी है और जानबूझकर वह गलती की गई है तो फिर उसे माफ़ नहीं कर सकते।




एक और बात अगर उसकी उम्र हो चुकी है तथा वह जो गलती कर रहा है उसकी समझ उसे बिल्कुल नहीं है तब फिर यह प्रश्न बहुत कठिन हो जाता है। बात अगर किसी राष्ट्रीय विषय पर हो मान लीजिए आपने सड़क दुर्घटना कर दी और बाद में आप माफ़ी माँग रहे हो तो भी माफ़ी देना मुश्किल हो जाता है। आप व्यस्क हो चुके हो, क्या आपने ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट पास नहीं किया? ये कैसी गलती है? पर बच्चे की गलती में हमारी कोशिश रहेगी कि उसे मौका मिले खुद को सुधारने का।

– **श्रीमती सुनीता व्यास,** *पुस्तकालयाध्यक्षा*

● मुझे ऐसा लगता है कि अगर माफ़ी कहने भर से माफ़ी हो जाए तो ज़िंदगी में कोई अनुशासन ही नहीं रह जाएगा। हम किसी को कितना भी ज़लील कर लें जाति, धर्म या रंग के आधार पर सबके बीच में लिंग के आधार पर बेइज्जत कर दें और बाद में माफ़ी माँग लें तो मुझे नहीं लगता कि बस इतने से माफ़ी मिल जानी चाहिए। जो उत्पीड़क होता है उसके बस 'Sorry' बोलने से वो सहने वाले/वाली की पीड़ा को महसूस नहीं कर सकता इसलिए मुझे नहीं लगता कि माफ़ी हो सकती है।

मानसिक स्थिति पर निर्भर करता है कि क्या वह वाकई माफ़ी दिल से माँग रहा है जिसे कहते हैं आत्मग्लानि। आत्मग्लानि के बाद अगर वह माफ़ी मांग रहा है तो उसकी माफ़ी हो सकती है। तब तक हो सकती है माफ़ी जब तक वह गलतियों की पुनरावृत्ति न करे, क्योंकि हम मनुष्य हैं और मानव में क्षमा, धैर्य आदि गुण स्वाभाविक रूप से पाए जाते हैं तो हम निर्दयता से यह नहीं कह सकते कि हर गलती की माफ़ी नहीं हो सकती। कुछ गलतियों को माफ़ कर सकते हैं।

– **डॉ० कौशल्या,** *संस्कृत विभाग*

● माफ़ी हर गलती नहीं सुधार सकती है क्योंकि कभी-कभी इन्सान की गलती इतनी बड़ी होती है कि वह माफ़ी के लायक नहीं होती। मान लीजिए यदि कोई व्यक्ति किसी को भरे समाज में अपमानित कर दे और उसके बाद वह अकेले में माफ़ी माँगे तो शायद वो उस व्यक्ति को माफ़ न कर पायेगा। मुख्यतः भारत जैसे देश में जहाँ करीब हर दिन ५०-६० लड़कियों के साथ कुकर्म होता है और यदि हर गलती इतनी आसानी से माफ़ की जा सकती तो हर कुकर्मी लड़की से माफ़ी मांग लेता और वह लड़की माफ़ कर देती। लेकिन ऐसा नहीं हो सकता, इस अपराध के लिए कोई भी माफ़ी नहीं होती।




– **श्रेया श्रीवास्तव,**
*राजनीति विज्ञान (विशेष), द्वितीय वर्ष*

● जी नहीं हर गलती माफ़ नहीं की जा सकती। जो गलती माफ़ करने लायक होती है उन्हें ही माफ़ किया जा सकता है अन्यथा कुछ गलती ऐसी होती हैं जिनकी सजा न दी जाए तो मनुष्य को जीवन में प्रेरणा नहीं मिलती। कुछ गलतियाँ ऐसी होती हैं कि किसी के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जाए अगर हम ऐसे इंसान को सजा नहीं देंगे तो वह भविष्य में इन्हीं गलतियों को दोहराता रहेगा और गलतियाँ करने की उन्हें आदत पड़ जाएगी जिससे उनका जीवन तो अंधकार में जाएगा ही अन्य मनुष्य के मान को भी हानि पहुँचाएगा। कुछ छोटी गलतियाँ ऐसी होती हैं जैसे किसी को चोट देना या खुद को चोट लगना और अगर उन्हीं गलतियों को सुधारने के लिए उन्हें प्रेरित किया जाए जैसे कभी

प्यार के रूप में और कभी डाँट के रूप में जिससे कि उसके दिल को ठेस न पहुँचे और वह समझ भी जाए। पूरे का सारांश निकलता है कि अपना कुछ भी हो जाए परंतु किसी अन्य प्राणी की आत्मा का श्राप या बददुआ लेकर न जिए।

– **मनीष,** *संस्कृत (विशेष) द्वितीय वर्ष*

● अंग्रेजी में एक कहावत है कि 'Habits become Nature' यानि कि आदत प्रकृति बन जाती है। यह जो सवाल है उस संदर्भ में मैं इसे जोड़ना चाहूँगा। माफ़ी, उन लोगों के लिए जिनकी गलती करना एक आदत बन गई है, कभी शायद माफ़ नहीं कर सकती या उन्हें सुधार नहीं सकती। वे गलती पर गलती किए जा रहे हैं और उन्हें माफ़ी दिया जा रहा है, इसका मतलब कि वे माफ़ी की कद्र नहीं कर रहे हैं, या उससे कुछ सीखने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। तो इस मामले में माफ़ी उनकी गलती को सुधार नहीं पाती, पर कभी-कभी माफ़ करके किसी व्यक्ति को हम एक मौका देते हैं उस गलती से सीखने के लिए और वह व्यक्ति उस गलती से कुछ सीखकर दुबारा उस गलती को नहीं करता है और उससे सीख लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करता है तो यहाँ पर माफ़ी अपना काम कर रही है। पर अब सवाल है कि क्या माफ़ी हर गलती को सुधार सकती है? तो यह मुझे असंभव सा लगता है। हाँ, भले हम जब 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस.' जैसी फ़िल्मों को देखते हैं तो उसमें एक सीन (दृश्य) होता है कि एक आदमी आता है और हर रोज़ एक जगह पर थूक देता है और दूसरा आदमी आता है और उसे पोंछ देता है, फिर वह आता है और पोंछता है यह सिलसिला चलता ही रहता है, तो यहाँ माफ़ी काम नहीं कर रही है, बल्कि उस आदमी की जो अंतरात्मा है, वह उसे अंदर ही अंदर धिक्कारती है और वह थूकना बंद कर देता है। इसका अर्थ है कि हम किसी को अगर माफ़ कर भी देते हैं पर वह जब तक खुद से नहीं सोचता है और उसकी अंतरात्मा उसे सुधरने को बाध्य नहीं करती है। उसकी भावना जब तक नहीं बदलेगी तब तक माफ़ी कुछ नहीं कर सकती है।

– **सत्यम प्रियदर्शी,** *राजनीति विज्ञान (विशेष), तृतीय वर्ष*

## रामधारी सिंह 'दिनकर'

**अत्याचार सहन करने का कुफल यही होता है**

**पौरुष का आतंक मनुज कोमल होकर खोता है।**

**क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसकेपास गरल हो**

**उसको क्या जो दंतहीन विषरहित, विनीत, सरल हो।**

- *शक्ति और क्षमा* से साभार

# SUCCESS AND HAPPINESS

**Dr. Devendra Jarwal**
*Assistant Professor, Department of Commerce*

Everyone wants to be successful and happy. There is a famous quote of Lord Buddha that "*Success is not the key to happiness, happiness is the key to success*" but in my view success and happiness are complementary to each other, if you feel happy with what you are doing then you will be successful and eventually success makes you happier. Success comes when we accomplish our task with set deadlines. Every one of us would have experienced a sense of satisfaction, when we accomplish a task, giving us inner peace with the message that we own this accomplishment. We should accept that such feeling gives us priceless happiness. Thus success leads to moments of happiness. The happiest people on the earth are those who are emotionally involved in what they do. Two ingredients make happiness enjoyable – hard work and devotion. If one puts one's heart and soul into what one does, one enjoys that state of consciousness which is called bliss. Happiness is the manifestation of bliss which is always within the reach of those who take work as worship. The sincere efforts to achieve a particular task come from taking ownership consciously and subconsciously that makes us feeling happy that we are the owner of that task and that pushes us to accomplish more. Therefore, enrich your personality with vision and positive attitude alongwith essential ingredients such as responsibility, maintenance of quality, effective time management, integrity in action and professional excellence.

## नागरिक का राष्ट्रीय चरित्र

भारत के मए नागरिक विदेश गए। एक बार वे यूरोप के किसी देश में रेल से यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपने दोनों पैर बूट सहित सामने की सीट पर रख लिया। उनके लिए यह एक साधारण बात थी, क्योंकि हमारे देश में पढ़े-अनपढ़े सभी ऐसा करते हैं। उनके पास ही बैठे थे एक बूढ़े सज्जन। उन्होंने अपने ओवरकोट की जेब से पुराने अखबार का साफ कटा-छँटा एक टुकड़ा निकाला और भारत के नागरिक से कहा – 'कृपा कर ज़रा अपने पैर उठाइए।' इन्होंने पैर उठाए, तो उन्होंने पैरों की जगह वह कागज रख दिया और नम्रता से कहा – 'अब आप पैर रख लीजिए। इस तरह आपके आराम में खलल नहीं पड़ेगा और मेरे देश की यह चीज़ -सीट की गद्दी- भी खराब नहीं होगी।' धन्यवाद देकर भारत के नागरिक ने कागज पर पैर रख लिए। थोड़ी देर बाद बुढ़े सज्जन ने अपनी टोकरी से केले निकाले, छीलकर खाये और उनके छिलकों को वैसे ही एक कागज में लपेटकर जेब में रख लिया। भारत की नागरिक से न रहा गया और पूछ ही लिया – 'बुजुर्गवार, ये छिलके आपने जेब में क्यों रख लिए हैं?' उत्तर मिला – 'यहाँ इन्हें मैं कहाँ डालता। अब स्टेशन पर उतरकर इन्हें कूड़ेदान में डाल दूँगा।

*( कारवाँ आगे बढ़े, कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर', अगले पन्नों में से साभार )*

# पण्डितमूर्ख-लक्षणम्

**डॉ. श्रीवत्सः**
*संस्कृत विभागतः*

यद् न भारते तद् न भारते, यद् इह अस्ति तद् अन्यत्र यद् न इह अस्ति न तत् क्वचित् भारतं पञ्चमो वेदः इत्यादीनि सूक्तिरूपाणि वाक्यानि तथैव नैव कथितानि, वस्तुतः महाभारतं न केवलं भारतस्य, अपितु विश्वस्यं अपि महत्तमो ग्रन्थः। सर्वे अपि विषयाः धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष इति विषयचतुष्टये समाहिताः ते च सर्वे अत्र वर्णिताः। आजन्मनः मृत्युपर्यन्तं सर्वे वर्णधर्माः आश्रमधर्माः च अत्र चित्रिताः। जलचराः नभश्चराः वनेचराः, तेषां स्वभावाः च अत्र विशदतया उल्लिखिताः।

द्युतक्रीडायां शकुनेः धूर्ततया पराजितान् पाण्डवान् वनं सम्प्रेष्य धृतराष्ट्रः अहर्निशं प्रजागरेण पीडितः सदैव उद्विग्नः भवति। एकदा रात्रौ प्रजागरस्य कारणं ज्ञातुं विदुरः स्वं निकषा समाहूतः। तस्मिन् प्रसंगे सः कथयति यद्भवान् लक्षणान्वितान् गुणिनः पण्डुपुत्रान्, अरण्यं प्रेषितवान् अतः प्रजागररोगग्रस्तः। तत्र एव धर्मं बोधयन् विदुरः पण्डितलक्षणं मूर्खलक्षणं च वर्णयति। तद्वर्णनम् अद्य अपि व्यावहारिके जगति बारं बारं ध्येयं खलु। कः तावत् पण्डितः अर्थात् बुद्धिमान् जनः, तत् प्रथमं चर्च्यते-

*- लुप्त होती लोकोक्तियाँ -*

- **कुएँ में की मेढ़की, करै सिन्धु की बात**

*(किसी तुच्छ व्यक्ति के लम्बी-चौड़ी बातें करने पर व्यंग्योक्ति।)*

यः आत्मशक्तिं जानाति, शक्ति-अनुसारं कार्यं करोति, कष्टानि सहते स्वधर्मे च स्थिरः भवति, यं सांसरिकविषयाः न अपकर्षन्ति, यः उत्तमम् आचरति, निन्दितकर्माणि न करोति, यः श्रद्धाशीलः भवति, यः क्रोध-हर्ष-गर्व-लज्जाधृष्टता-अहंमन्यतादिकारणात् कर्तव्यभ्रष्टः न भवति, यः स्वर्कतव्यं (कार्ययोजनां) बहिः न प्रकाशयति वरं कृत्वा दर्शयति, शीतम्-उष्णं-भयं-विषयासक्तिः- सम्पत्तिः- दरिद्रता आदयः यं स्वलक्ष्यात् भ्रष्टं न कुर्वन्ति, यः कस्य अपि तिरस्कारं न करोति, यः कम् अपि विषयं शीघ्रम् अवगच्छति, अपरस्य कथनं धैर्येण शृणोति लोभ-वशात् च तद् न अनुगच्छति, अप्राप्तियोग्यं प्राप्तुं न चिन्तयति, विनष्टविषये शोकं न करोति, विपत्तिकाले अज्ञानं न प्राप्नोति, यः स्वयत्नसाध्यं कार्यम् एव आरभते, मध्ये कार्यं न त्यजति, सप्रयोजनम् एव कार्यं करोति, यः इन्द्रियाणि स्ववशे स्थापयति, यः श्रेष्ठकर्मसु अनुरागं दर्शयति, कल्याणजनकं कार्यं न निन्दति, स्वसम्माने यः हर्षातिरेकं न दर्शयति, स्व-अपमाने यः खिन्नः न भवति, जीवने य गम्भीरतां न जहाति, जीवनस्य संसारस्य च वास्तविकतां जानाति, कर्तव्यकर्मणां क्रियाविधिं वेत्ति, विपत्तौ उपाय-अन्वेषणे कुशलो भवति, न्यायकथने यस्य वाणी कुण्ठिता न भवति, कथ्यवर्णने चतुरः तर्कशक्तियुक्तः च वर्तते, प्रतिभायुक्तः सन् कस्यापि ग्रन्थस्य विषयं शीघ्रम् जानाति, यस्य प्रज्ञा सत्शास्त्रम् अनुसरति, यः श्रेष्ठमर्यादाः न उल्लंघयति

सः जनः 'पण्डित' पदस्य अधिकारी भवति। यस्मिन् जने एते गुणाः भवन्ति स एव वस्तुतः बुद्धिमान् नरः। यदि गुणाः न सन्ति तेषाम् अर्जने प्रयासः करणीयः।

अधुना तावद् मुर्खजनस्य लक्षणानि ज्ञातव्यानि। यः जनः ज्ञानरहितः अपि उद्दण्डः भवति, निर्धनःसन् अन्यस्य धनं चोरयित्वा अपहृत्य वा स्व-अभिलाषाः पूरयति, यः द्युतादिदुष्कर्मणा ऐश्वर्यं वाञ्छति, यः स्वम् ऐश्वर्यं परित्यज्य अपस्य ऐश्वर्यम् अभिलषति, यः स्वमित्रेण सह अपि मिथ्याचरणं करोति, यः तान् वाञ्छति ये तं न वाञ्छन्ति तं च न वाञ्छति यः तं वाञ्छति, यः दुर्बलः सन् बलवता सह विवादं करोति, यः शत्रुं मित्रं कर्तुं, मित्रं च शत्रुं कर्तुम् इच्छति दुष्टकर्माणि च आरभते, यः कार्यम् अनावश्यकतया प्रसारयति, सर्वत्र सन्देहं करोति, शीघ्रं करणीयं चिरेण करोति, यः स्वपरिवारस्य वृद्धान् ज्येष्ठान् वा न सेवते, सुहृदयं जनं मित्रं न विदधाति, यः न आमन्त्रितः अपि तत्र गच्छति, अपृष्टः अपि बहु वदति, अविश्वसनीये जने विश्वासं करोति, स्वयं दोषयुक्तः सन् अपि अपरं दोषयुक्तं कथयति अथवा यः स्वदोषम् अन्यस्मिन् क्षिपति, यः असमर्थः सन् अपि क्रुध्यति, यः स्वशक्तिम् अपरिज्ञाय अलभ्यम् ऐश्वर्यं प्राप्तुं विमार्गम् आश्रयति कर्माणि न कृत्वा अपि वा तथा वाञ्छति, यः दुर्वृत्तं जनं शिष्यं कर्तुम् ईहते, यः निर्धनम् आशया सेवते, यः कुत्सितं कृपणं वा जनं सेवते, यः बहूनि धनानि प्राप्य आत्मनः उद्दण्डतां दर्शयति नम्रतां न प्रदर्शयति, यः स्वामी स्वयं स्वादु भोजनं भुङ्क्ते सेवकेभ्यः कदन्नं यच्छति तेभ्यः शोभनं वस्त्रं न ददाति- तादृशः जनः मूर्खपदवीं प्राप्नोति। मूर्खस्य दुर्गुणान् त्यक्तुं सदैव प्रयासः विधेयः।

एते सर्वे व्यवहारस्य आत्मकल्याणस्य लोकशान्तेः च विषयाः। मनुष्यः सामाजिकः प्राणी, अतः सुखेनस्थातुं सदैव सद्गुणान् एव आश्रयेत्।

## आपकी हँसी

निर्धन जनता का शोषण है
कहकर आप हँसे
लोकतंत्र का अंतिम क्षण है
कहकर आप हँसे
सब के सब हैं भ्रष्टाचारी
कहकर आप हँसे
चारो ओर बड़ी लाचारी
कह कर आप हँसे
किससे आप सुरक्षित होंगे मैं सोचने लगा
सहसा मुझे अकेला पाकर फिर से आप हँसे



( ***रघुवीर सहाय***, *हँसो हँसो जल्दी हँसों* से साभार )

*(लेख)*

# कूटनीति

**हरीश सहगल**
*एस.पी.ए., पुस्तकालय विभाग*

'कूटनीति' नीति का अंग है एवं प्रयोग (Practice) व अनुभव से इसमें पूर्ण (Perfect) हुआ जा सकता है। अनादिकाल से ही नीतिशास्त्र का अध्ययन किया जा रहा है। रामायण, महाभारत, शुक्राचार्य, चाणक्य, विदुर आदि इसके उदाहरण हैं। विष्णु शर्मा ने कुमार्गी एवं अल्पबुद्धि राजकुमारों को नीतिशास्त्र का ज्ञान कराके विवेकवान बनाया। यदि कोई व्यक्ति अन्य विधाओं में कुशल है किन्तु उसे नीति-शास्त्र नहीं आता तो वह मूर्ख ही कहलाता है।

नीतिशास्त्र में धर्म एवं अन्यों से व्यवहार यथा ईश्वर, दया, अहिंसा, परोपकार, परिवार, शत्रु, मित्र, स्त्री, पुरूष, बड़े एवं छोटे, गुरू, राजा, धन का उपयोग आदि के साथ सामाजिक व्यवहार को बताया गया है। कूटनीति के तीन अंग हैं - १. उद्देश्य २. समय ३. योजना

विद्वानों के अनुसार किसी कार्य में सेवकों की नियुक्ति के पहले उनकी योग्यता जान लेनी चाहिए। स्वयं के जीवन में जब दुःख आयें तब अपने बंधुओं की परीक्षा करनी चाहिये ... आपत्ति काल में मित्र की परीक्षा करनी चाहिये, संपत्ति का नाश होने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

मगध देश में नंद वंश ने १०० वर्षों तक राज्य किया। चाणक्य ने नंदवंश का नाश करके चन्द्रगुप्त को राजा बनाया। चन्द्रगुप्त का पुत्र बिंदुसार तथा बिंदुसार के लड़के सम्राट अशोक मौर्या चक्रवर्ती राजा हुए। चाणक्य के अनुसार धन संग्रह करने से शास्त्र श्रवण करने से ज्ञान संपादन करने से श्रेयस्कर होता है। जो व्यक्ति शास्त्रों का श्रवण एवं मनन करता है वह दुष्ट बुद्धि का त्याग करके तत्त्व ज्ञान प्राप्त करता है। प्रेम एवं भोजन के लिये मूल्य देने पर मन को शांति नहीं मिलती। नदी किनारे के पेड़, निरंकुश स्त्री तथा जो राजा अपने मंत्रियों से सलाह मशवरा नहीं करता ये सब जल्द ही नष्ट हो जाते हैं। गुरू, पिता एवं श्रेष्ठ व्यक्ति उस बड़े वृक्ष के समान हैं जो फल न रहने पर भी छाया देते हैं।

अत्यधिक दान, अभिमान एवं लोलुपता नुकसानदायक है जिस प्रकार से दुर्योधन एवं रावण का विनाश हुआ। सीता अति रूपवती थी। रावण अति अभिमानी था। श्री राम अति बलिष्ठ थे इस अति के कारण ही सोने की लंका का नाश हुआ। कुछ लोग अधिक मधुर बोलते हैं, कुछ कड़वा, अधिक मधुर बोलने वाला तोता पिंजरे में रहता है एवं कौआ निरंकुश घुमता है। दिखावे के लिये अध्ययन करने वाला मूर्ख होता है अर्थात अध्ययन को आचरण में लाना चाहिये।

पराधीनता से मृत्यु अच्छी है। किसी व्यक्ति के गुणों को पहचानना चाहिये, उसके रूप एवं कुल के बारे में नहीं। मनुष्य चाहे कितना भी सुंदर एवं उच्च कुल में जन्म लेने वाला हो किन्तु वह ज्ञानी न हो तो वह समाज में सम्मान नहीं पाता। अपनी विद्या का दान करने से पूर्व गुरू को यह देखना चाहिये कि जिस शिष्य को विद्या दी जा रही है वह उसका सदुपयोग करेगा या नहीं क्योंकि दुष्ट शिष्य अनेक बार अपने ही गुरू का दुश्मन बन जाता है।

दुष्ट दूसरों के छोटे सरसों के समान दोष होने पर भी बड़े करके दिखाता है परन्तु अपने बड़े दोष को अनदेखा कर देता है। दुष्ट दूसरों के दोषों को गिना-२ कर सदैव दूसरों की निंदा करता रहता है। बबुल के पेड़ पर चाहे शहद लगायें, सुगंध लगायें या फूलों से सजायें उससे काँटे नहीं हटेंगे।

मनुष्य की आयु, कर्म, विद्या, संपत्ति एवं धन ये पाँच जब शिशु रूप में माता के गर्भ में रहता है, तभी इसका निर्धारण हो जाता है। परन्तु सतत प्रयत्न से सभी कुछ प्राप्त किया जा सकता है। यदि किसी कार्य को शुरू करना हो तो प्रथम उस कार्य को करें जो आसानी से किया जा सके एवं एक समय में बहुत से कार्यों को न छेड़ें जब तक पहला कार्य पूरा न हो।

अग्नि को पानी से बुझाया जा सकता है, सूर्य की धूप को छतनी से, मदमस्त हाथी को अंकुश से एवं रोग को दवाई से रोका जा सकता है परन्तु मूर्ख एवं जिद्दी व्यक्ति के लिये कोई औषधि नहीं। जिस मनुष्य के पास विद्या, तप, दान, ज्ञान, शीलता, गुण व धर्म नहीं है वह पशु के समान है एवं पृथ्वी पर भार है। मूर्ख एवं दुगुर्णी मनुष्य से बचकर रहना चाहिये। विद्या धन सर्वोत्तम धन है एवं वाणी सर्वोत्तम आभूषण।

कोई भी मनुष्य सभी मनुष्यों के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं कर सकता। बन्धु-बान्धवों के प्रति उदारता, सेवकों के प्रति दया भावना, दुर्जनों के साथ दुष्टता का आचरण, सज्जनों के साथ स्नेहपूर्ण आचरण रखना, अधिकारियों के प्रति नीतिपूर्वक आचरण रखना, विद्वानों के साथ विनम्रता तथा सरलता का व्यवहार करना, शत्रुओं के साथ पराक्रमपूर्ण व्यवहार, पूज्य लोगों के साथ सहनशीलता का आचरण रखने वाले व्यक्ति लौक व्यवहार कुशल व्यक्ति होते हैं अर्थात सभी के लिये अलग-अलग व्यवहार होगा तथा जीवन में सफल व्यक्ति होते हैं।

''हम साहित्य को केवल मनोरंजन और विलासिता की वस्तु नहीं समझते। हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा, जिसमें उच्च चिंतन हो, स्वाधीनता का भाव हो, सौन्दर्य का सार हो, सृजन की आत्मा हो, जीवन की सच्चाइयों का प्रकाश हो, जो हममें गति और संघर्ष और बेचैनी पैदा करे, सुलाये नहीं, क्योंकि अब और ज़्यादा सोना मृत्यु का लक्षण है।''

– ( ***प्रेमचंद***, *साहित्य का उद्देश्य से साभार* )

# SNAPSHOTS

**Harshita Madhav**
*B.A.(H) History, Third year*

A big city. Full of fairy tales..

Doing nine hour shift is difficult. Ruby goes to nearby hill stations may be Shimla or Manali in search of 'peace'. Long weekends are most awaited for her....

Chirag was the richest brat in their class in the college. Wearing khadi kurta, from 'Fab India' he is now a Marxist. He doesn't get free time from his protests and politics. He now wants a vacation. May be in Europe or somewhere in US....

Maahi goes home from a hectic day. Writes the diary. She is married to her job. Still in love with her childhood love 'books' whom she left in her hometown..How can she forget those characters of Mahabharata and Shakespeare. She had a dream of having a big library, even bigger than her bedroom....

Raman was the topper. coming from a well to do family of a small town he loved this lifestyle here. He had money and he had marks too.. But marks were not enough to get his dream job. No worries cigarettes are the Saviour. May be to the extent now he can think.

There were also two love birds. Nibi and Mohit. It was nothing, just they were from different castes.. Candle Marches can neither stop honour killing nor could save them from their families..

This big city, a dream full filling place for many.
Those lights and loud music..Expensive clothes and expensive cafes all around..

People are alive with those guitar strings,flowers in the window and that pet in the empty house..

In the ' Boulevard of broken dreams', they cherish life..

People know how to stay alive..

*- लुप्त होती लोकोक्तियाँ -*


- **अति भक्ति चोर के लक्षण**

*(यदि कोई अति भक्ति का प्रदर्शन करे तो समझना चाहिए कि वह कपटी और दंभी है।)*

*अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप*
*अति का भला न बोलना, अति की भली न चूप*

## मेरी कविताएँ

**ब्रहमदत्त**
*असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, अंग्रेजी विभाग*



# मेरे देश की विडम्बना

मेरे देश की यही विडम्बना है
अनाज को तो बस सड़ना है।
तेरी पीड़ा का भाव यदि
शासन ने महसूस किया होता
फिर सड़कों पर कभी यूँ
टमाटर का बिखराव न हुआ होता
काश देश की व्यवस्था भी
तेरी मेहनत को समझ पाती
फिर देश में न कोई भूखा सोता
न ऐसे कोई अनाथ हुआ होता
फिर माँ के आँसू रूक जाते
बच्चे भी तेरे संभल जाते
अनायास ही कोई नारी
ऐसे न विधवा हो पाती
नारी का शृंगार सजा होता
मेरा भी भाव जगा होता
न किसी बहन की आँखों में
पीड़ा का रूदन मचा होता
न कोई बच्चा मेरे देश का
ऐसे ही अनाथ हुआ होता
हे मेरे देश के अन्नदाता
तू मेहनत मेहनत करता है
काश की तेरी मेहनत का
मेहनताना तुझे मिला होता
फिर उदासीन इन बगियों में
आशा का फूल खिला होता
फिर सीना फूलाकर कोई जँवा
जय किसान ही कहलाता
हे मेरे देश के अन्नदाता
ये क्या तुझको होता जाता।

# मेरे देश के अन्नदाता

हे मेरे देश के अन्नदाता
ये क्या तुझको होता जाता
हर तीन घण्टे में तो तू
ये देश छोड़कर चला जाता।
लोग विकास की गाथा गाते हैं।
अहंकार से भरते जाते हैं।
दुनिया में सबसे ज्यादा
वो विकास की दर बताते हैं।
पर तुझ तक कोई विकास का
रास्ता पहुँच नहीं है पाता
बस इसी वजह से तो तू
कर्ज में डूबा है जाता।
उस बार तो ट्रैक्टर बेचा था
इस बार पशु भी बेचे हैं।
अब बेचने को फिर बचा ही क्या
कहीं इसी वजह से तो नहीं तू
हमें छोड़कर चला जाता।
हे मेरे देश के अन्नदाता
काश कि ऐसे हो पाता
विकास की इस दौड़ में
कोई तुझको शामिल कर लेता
फिर काश कि तू न मर पाता
खुशहाल अगर तू होता तो
खुशहाल देश ही कहलाता।

# MAKE IN INDIA

**Harsh Chaudhary**
*B. Sc (H) Mathematics, Second Year*

When anything comes from the home of someone, it always has a special and emotional worth for that person.Similarly, if anything gets manufactured under the tag of Made in India ,it carries some special effect.

Certainly, we have to pay heavy prices for the things which we purchase from other countries. And,yet there are many things which cannot be purchased even by paying a heavy price,like the technology in defence sector. India has Defence ties with many countries like Russia, USA, Israel and many more. But no country other than Russia and Israel provides technology with the help of which we can manufacture sophisticated weapons in our own country. Our population is around 1.3 billion and we know that our formal sector does not have that much of capacity to provide jobs to everyone. Moreover, our country has 65% of youth in the age of 18 to 35 year. So for the growth of our country and harnessing the potential in these young ones "Make in India" provides a unique platform.As we know that Economy of any country depends on primary , secondary and tertiary sector of any country.



We had done pretty well in our manufacturing and service sector but we are lagging in primary sector. Somehow, our primary sector is mostly based on agriculture . This field caters to the maximum share of population but its role in GDP is very less.But what are the causes behind it? Since, according to recent survey,we get the information that, in India on an average every person has less than 1 hectare of land,which is suggested as a big problem by the economist in agrarian sorld. Due to this , the whole production of the land gets consumed in feeding the farmers' own family which doesnt contribute in our export .We also used to export pulses from foreign country.So, by Make in India initiative,Our government is focussing on Research in Agriculture technique and production capacity. And also by integrating agriculture sector with e-market ,it boosts the benefit of farmers. There are also many insurance schemes which are launched by the government to provide economic security to the farmers. We may recall that in the period of 70's and 80's we had green revolution, white revolution and many others to ensure food security. Make in India is going to prove to be another revolution for filling the food basket of the farmer with nutritious food and also enhancing the export capacity.

Now, in research field, again," Make in India" can play a great role.Since ,the level of research in each country is different, there are many sectors where we lag behind.So, by make in India initiative we come in contact of the latest technology . We also get opportunities to develop indigenous equipments thereby motivating research and innovations. To sum up, "Make in India" is a great initiative by the Indian Government

# देशहितार्थं चरणीयम्

**युवराज सिन्हा**
*बी.ए. विशेषः संस्कृतम्, द्वितीय वर्षम्*

मनसि सुलक्ष्यं धरणीयम्
हृदि दृढ़धैर्यं भरणीयम्।
पूर्वजकृत्यं स्मरणीयम्,
देशहितार्थं चरणीयाम्।।
कण्टकमार्गे चरणीयम्
कष्टसहस्रं सहनीयम्।
कार्यमजस्रं करणीयम्,
देशहितार्थं चरणीयम्।।

न हि प्रतिगमनं करणीयम्
सततं पुरतो गमनीयम्।
विघ्ननदी सन्तरणीया,
देशहितार्थं चरणीयम्।।
सद्गुरुवचनं स्मरणीयम्
सज्जनशरणं सरणीयम्।
कार्यव्यापृतिः करणीया,
देशहितार्थं चरणीयम्।।

# ओ मेरे वतन के रहनुमाओं

**सुनील जी**
*एम.ए. हिन्दी, द्वितीय वर्ष*

ओ मेरे वतन के रहनुमाओं
अब ना कोई तुम समा बुझाओ
जो बुझ गये हैं उन्हें जलाओ / ओ मेरे ....
सिसक रही है माँ अब हमारी
रूला रही है सद्मता तुम्हारी
सोये ज़ख़्मों को न जगाओ / ओ मेरे ....
तड़पता रहता है वो सदा ही
खटता रहता है वो सदा ही
उसके दुख को ना तुम बढ़ाओ / ओ मेरे ....
तुम भी कभी ये उसी के जैसे
उसी से मिलकर उसी को ऐंठे
कभी हमारी भी सुनने आओ / ओ मेरे ....
मंदिर-मस्जिद इसकी थाती
इसके गुणों को दुनिया गाती
दंगे न अब तुम कहीं कराओ / ओ मेरे ....
मेरी कलम है ये आज कहती
तुम्हारी यादों में खोयी रहती
सुनील कुछ करके दिखाओ / ओ मेरे ....



# सरहदों पे खड़ा होगा

**अंकित सुमन**

*राजनीति विज्ञान (विशेष ), द्वितीय वर्ष*

सरहदों पे जमा पैर
कौन आज खड़ा होगा
एक शव है लौट आया
तिरंगे में लिपट आया
मातृ भू से लिपट के वो
माँ से आज लिपटा होगा
देख कंधे पे सितारे
विदा उसको किया होगा
छोड़ करके मोह घर का
आज सबसे लड़ा होगा
सरहदों पे खड़ा होगा।

वो महावर फिर सजाये
माथे पे बिंदी लगाए
रूप पी का देख आयी
आँखों में उतार लायी
माथे पर कुमकुम लगाए
द्वार पर दुल्हन है आयी
रात आज छोड़ करके
पिया से मुँह मोड़ करके
जवानी को ओढ़ करके
सारा प्यार छोड़ करके
पिया से भी लड़ा होगा
सरहदों पे खड़ा होगा।

सफेदी कभी है धरा में
कभी रेत रहा होगा
कहीं पे जंगल है कोई
समुंदर भी मिला होगा
बढ़ा दाढ़ी बदल पानी
कैसे कैसे जिया होगा
धूप कभी छांव कभी
प्यास से वो तपा होगा
किसी डाली किसी पेड़ पर
किसी पर्वत पर चढ़ा होगा
चीर करती कभी वायु
दूर कहीं पड़ा होगा
मार करके मोह सैनिक
सरहदों पे खड़ा होगा।

जिसके बचपन में किताबें
शब्द छोटे मोटी आंखें
और कुछ क्या कर सकूंगा
सोच करके गया होगा।
वो मिलेटरी की टिरेनिंग
सीख करके जुड़ा होगा।
कंधों से वो ज़िम्मेदारी
हटा करके आज निकला
ताज सिर पर पहन कर
कफन चादर ओढ़ करके
बटालियन में बंटा होगा
सरहदों पे खड़ा होगा।

हम ये टुच्चे से कवि क्या
लिख सकेंगे दर्द उनका ?
क्या लिखेंगे भाव उनके?
क्या लिखेंगे उसपर कविता?
चिट्ठियां गाँव से आई
स्नेह मन मे जगा होगा
मार करके मोह सैनिक
सरहदों पे खड़ा होगा।

कौन आँखों से हाँ अपने
सपनों पे फिर मरा होगा
प्रश्नचिह्न क्या लगे किसी पे ?
ज़िन्दगी क्या जिया होगा ?
क्या महावर, क्या वो कुमकुम
याद किसको किया होगा ?
कौन माता कौन बेटा ?
देश को सब दिया होगा।
जन सभी को भूलकर के
देश पे वो खड़ा होगा
और! टुकड़े जिसके हम करेंगे
उसकी खातिर खड़ा होगा
सरहदों पे खड़ा होगा।

# श्रमगरिमा

**डॉ. अमर जी झा**
*संस्कृत विभागतः*

कश्चन मानवः सुकरातम् अपृच्छत् अस्माकम् आयः अल्पीयान् परिवारश्च महान्। कथं स्यात् निर्वाहः? सर्वे वयं कृच्छ्रतया जीवनं यापयामः। अस्य कष्टस्य निवारणोपायं कंचिद् ब्रबीतु भवान्। सुकरातोऽपृच्छत्- किं गृहस्य सर्वे सदस्याः कार्यं कुर्वन्ति? सोऽवदत्- नैव। कथं ते कार्याणि कुर्युः? ते दासास्तु न सन्ति।

सुकरातोऽवदत्-यद्येवं तर्हि दासाः एव श्रेष्ठाः ये कर्माणि कुर्वाणाः उदरं पूरयन्ति। एतत् कथम् इति पृष्टः सुकरातः पुनः स्वकथनं स्पष्टीकुर्वन् अवदत्- शृणु, परिवारे सर्वेषां सदस्यानां कर्त्तव्यमस्ति, यत् ते श्रमकार्यैः धनमर्जयित्वा आत्मनिर्भरा भवेयुः।

कतिपयमासान्तरं सः पुनः सुकरातमभ्येत्य अब्रवीत् यद् भवतः सत् शिक्षामनुसृत्य अहं लाभान्वितोऽभवम्। सम्प्रति सर्वे सदस्याः कर्मसु रताः सन्ति। एतेन धनागमः भवति, गृहव्यवस्था च शोभना जायते, किन्तु कर्मसु निरतास्ते मां निष्क्रियं वदन्ति। अहं तत्कृताम् अवज्ञां कथं सहे? कश्चिद् उपायः निर्दिश्यताम्।

सुकारातोऽवदत्-त्वं गृहजनान् एकां कथां श्रावयेः। कथा चेयम्- एकेन नरेण केचिद् मेषाः पालिताः आसन्। एकस्मिन् दिने मेषाः स्वामिनम् अवदन्। स्वामिन्! वयं तुभ्यं उर्णां दद्मः, दुग्धं यच्छामः।

शावकान् जनयामः, वने क्षेत्रे वा भ्रान्त्वा तृणादि च भक्षयित्वा जीवनं यापयामः। त्वं स्वभोजनात् कंचित् अंशम् अस्मभ्यं न ददासि। एवं तव कुक्कुरः किंचिद् अकुर्वाणोऽपि त्वत्तः भोजनं प्राप्नोति किमेषोऽन्यायो नास्ति।

स्वामिनः प्रत्युत्तरात् पूर्वमेव शुना प्रोक्तम्- अयि मेषाः! शृणुत, यदा यूयं चरथ, अहं युष्मान् रक्षामि अन्यथा वृकः आक्रम्य युष्मान् खादेत्। युस्माकं वने निश्चिन्तं विचरणं मत्कारणादेव। अहं गृहमपि रक्षामि युष्मानपि। अतः स्वामी मयि प्रसीदति। तत्कथनं श्रुत्वा मेषाः मौनाः अभवन्। कथां श्रुत्वा तस्य परिवारजना अपि पुनः तं निष्क्रियं न अकथयन्।

**"जो जीवन की धूल चाट कर बड़ा हुआ है**
**तूफ़ानों से लड़ा और फिर खड़ा हुआ है**
**जिसने सोने को खोदा लोहा मोड़ा है**
**जो रवि के रथ का घोड़ा है**
**वह जन मारे नहीं मरेगा**
**नहीं मरेगा ... "**

**– केदारनाथ अग्रवाल**

# तुम कहते हो

**आस्था प्रियदर्शिनी**
*हिन्दी (विशेष), द्वितीय वर्ष*

वो हाड़-माँस की कठपुतलियाँ
किस कब्र में दफ़न उनका नसीब है
बदन की सिंके काँप रही
पर तुम कहते हो 'हम गरीब हैं'

सड़कों पर आशियाना जिनका
भूख बैठी जिनके करीब है
जठराग्नि धधकती उनकी
पर तुम कहते हो 'हम गरीब हैं'

इक बार दृष्टि तो डालो उन पर
ज़िंदगी की कहानी जिनकी अजीब है
सुख की शय्या पर लेटकर भी
पर तुम कहते हो 'हम गरीब हैं'

आत्मा मौत को तड़प रही
पर ज़िंदगी बनी उनकी हबीब है
तुम-सा जीवन सपना उनका
पर तुम कहते हो 'हम गरीब हैं'

सोने की सपनों में लुप्त हो क्यों
ज़िंदगी नहीं किसी की मुरीद है
कहीं सोने पर भी भूखे सपने हैं
पर तुम कहते हो 'हम गरीब हैं'



*- लुप्त होती लोकोक्तियाँ -*

- **गधा मरे कुम्हार का, धोबिन सती होय**

*(जब कोई व्यक्ति किसी ऐसे काम में पड़ता है जिससे उनका कोई संबंध न हो तब इस लोकोक्ति का प्रयोग होता है। )*

- **गंजी कबूतरी और महल में डेरा**

*(किसी अयोग्य व्यक्ति के उच्च पद प्राप्त करने पर ऐसा कहते हैं।)*

# BELOVED

**Prarthana Asija**
*B.A.( H) English, Second Year*

I remember when I made her drift apart,
To the time when she came back to nurse my broken heart,
Until it came to my instincts what her intentions were,
Revenge is what she only seeked.

She knew she had my unconditional love, always
Yet she destroyed my equilibrium and my days,
Oh,Beloved what a pattern you've made me develop,
I wake, cry, sleep and hope.

I don't want your smart revenge now,
I will never be the same since you came back to my life,anyhow.

# जलस्य महत्त्वम्

**नन्दन**
*बी.ए. विशेषः संस्कृतम्, प्रथम वर्षम्*

जलम् एव जीवनम् इति उक्त्यनुसारम् अस्माकं जीवने जलस्य आवश्यकता वर्तते। जीवनाय जलम् आवश्यकं वर्तते, तृष्णायां सत्यां जलेन एवं निवराणं भवति।

पृथिव्याः जीवानं कृते आवश्यकं तत्त्वम् अस्ति जलम्। अस्मांक सौभाग्यं अस्ति यत ्पृथिवी जलयुक्तः ग्रहः वर्तते। जलं सौरमण्डले दुर्लभं वर्तते। अन्यत्र कुत्रापि जलं नास्ति। पृथिव्यां जलं पर्याप्तम् अस्ति्। अतः पृथिवी नीलग्रहः इति उच्चते। जलं निरन्तरं स्वरूपं परिवर्तते। सूर्यस्य तापेन वाष्पस्वरूपं, शीतले सति सङ्घनीकरणे मेघस्वरूपं, वर्षामाध्यमेन जलस्वरूपं धरति। जलं महासागरेषु, वायुमण्डले, पृथिव्यां च परिभ्रमति। जलस्य तत्परिभ्रमणं जलचक्रं कथ्यते।

अस्मांक पृथिवी स्थलशाला इति अस्ति। अलवणस्य जलस्य मुख्यं स्रोतः नदी तडागः, हिमनदी च वर्तते। महासागराणां समुद्राणां च जलं लवणमयम् वर्तते। तस्मिन् जले सोडियम् क्लोराइड् पाचकलवणं च प्राप्यते।

*(कहानी)*

# वो प्यारी दो चवन्नी

**निखिल झा**
*हिन्दी (विशेष), द्वितीय वर्ष*

वो दिन याद नहीं जब उसे पहली बार देखा था। बस याद है तो केवल इतना ही कि बड़ी विस्मय से मुस्कुरा रहा था। वो उसका चपटा मुँह, साँवला बदन, हँसी ऐसी भयानक कि यदि कोई नवजात देख ले तो जीवन भर के लिए सदमे में ही रहे। पर आज जब भी केदार के बारे में सोचता हूँ, बस सोचता ही रह जाता हूँ।



''श्यामा। ऐ श्यामा! जल्दी कर! रोज भूल जाती है हमार जाने का समय। आज न गए न तो भोले बाबा का प्रकोप झेलना पड़ेगा।''

अंदर से श्यामा प्रकाश की गति से दौड़ती आई और खाने का डिब्बा पकड़ाते हुए थमा दीं केदार के हाथ में वो दो चवन्नीं। फिर क्या था, निकल पड़ा केदार अपनी बंधी-बंधाई दिनचर्या को अपनाते हुए। पहले बल्लू हलवाई के यहाँ से मिठाई ली और कस्तूरी से गुलाब की चमकती-महकती माला। फिर वह जा पहुँचा उसी शिव मंदिर जहाँ उसके पिता उसे बचपन में लाया करते थे और उनके गुजरने के बाद केदार अपने पुत्र छगन को। जल चढ़ाते हुए हमेशा की ही तरह प्रार्थना और आभार प्रकट करता हुआ बोला --

''हे शिव। हे भोले। हमार घर पर बिसेस किरपा बनाए रखना। प्रभु ई लेओ, आपकी दू ठो चवन्नी। हम भूले नाहीं ..... ई लेओ आपकी, खातिर लड्डू, वही है जैसा पंडित जी बोले थे।''

तभी वहाँ पंडित जी आ गए और हर बार की ही तरह उसे और छगन को आशीर्वाद देते हुए बोले -

''अपनी पिता की राह पर ऐसे ही चल केदार। याद है न, तेरी माँ पर जब माता का प्रकोप हुआ था और यमराज बस उसे ले जाने के लिए तेरे द्वारे आ गए थे, तब मैंने उन्हें यह विधि बताई थी और तेरी माँ उठ खड़ी हो गई थी।''

इस पर केदार ने कहा -

''हाँ, हाँ पंडित जी! ई आभार हम कैसे भूल सकते हैं। आपने ही तो हमको बतलाया था कि ये दू ठो चवन्नियाँ ही हमार घर में ख़ुशियाँ ला सकती हैं। सो अब हमार बेटा छगन भी ऐसा ही करेगा।''

मैं ये दिनचर्या रोज़ देखा करता था। तो जब मेरी उत्सुकता मेरा पेट फाड़कर बाहर निकलने लगी तो मैंने पूछ ही लिया कि

केदार अपनी कमाई का हिस्सा रोज़ ही ऐसे दे देना सही नहीं। तुम्हें नहीं पता तुम्हारे जाने के बाद तुम्हारा सारा चढ़ावा और वो दो चवन्नीं पंडित अपनी पोटली में लपेट लेता है।

तो ये सुन तो केदार पर मानो बिजली ही गिर गई। तनतनाता हुआ बोला --

''तुम कौन होते हो? हमार मामला में दखल देने वाले। पता है ये चवन्नियाँ नाहीं हैं, हमार बापू का विश्वास है, जो हमार साथ भी रहेगा और हमार छगन के साथ भी।''

सो यह सुन मैंने अपने होठों को सूई-धागे से सिल लिया।

कुछ दिन बाद ख़बर आई कि केदार के साथ हादसा हो गया और वह कोमा में चला गया। अब उसका मंदिर में जाना बंद हो गया। सात वर्ष बाद जब उसे होश आया तो उसके मुँह से पहला जो शब्द निकला उसे सब सुन हक्के-बक्के रह गए। वह शब्द था ''चवन्नी''। इस महाशय को सात वर्ष की बेसुध हालत में न ही अपना बेटा नजर आया होगा और न ही कोई और। यह सुन सच कहूँ तो मुझसे रहा ही नहीं गया और मैं बोल पड़ा --

''प्रभु! तुम फिर से सो ही जाओ। ये क्या बात हुई घर परिवार का कुछ ख्याल नहीं। होश आते ही चवन्नी।''

तो इस पर अपनी अश्रु धारा को पोंछते हुए केदार बोला --

''तुम नहीं समझोगे साहब, तुम नहीं।''

कुछ दिन बाद केदार फिर घर से निकला अपनी प्रियतमा के पास। जैसे ही चवन्नी लेकर घर से निकला ही, तो श्यामा पीछे से चिल्लाई -- ''ई चवन्नी कहाँ से मिली तुम्हें''?

''क्यूँ बताएँ? हमार पोटली में थी जो हमने अटाई के पीछे छिपा रखी थी। ऐसी पूरी पोटली भर कर रखी है इनसे।''

श्यामा कुछ गंभीर-सी होकर बोली - ''अब ई चवन्नी नहीं चलती, सरकार बंद कर दिए हैं।''

यह सुन केदार कुछ क्षण के लिए स्तब्ध रह गया। बस कुछ क्षण के लिए ही क्योंकि ऐसी कोई समस्या धरती पर है ही नहीं जिससे केदार भैया भयभीत हो जाएँ तो यह सुन केदार बोला --

''रहने भी दे, सरकार से हमार क्या लेना देना। हमार शिव तो यही लेगा। हमार पिताजी बतिआए थे हमको।''

और बड़ी शान से सबकुछ धुधकारता हुआ निकल पड़ा, वह शिव मंदिर। पर उसे साथ ही यह चिंता भी थी कि चवन्नियाँ तो बस कुछ ही हैं आगे वह क्या करेगा? तो उसने सोचा इसे भी शिव ही सुलझाएंगे, भई हम क्यूँ परेशान हों।

चार-पाँच दिन तक वह शिव मंदिर में चढ़ावा और वे दो चवन्नियाँ चढ़ाता रहा। पर कब तक, आख़िरकार उस लालची शेषनाग पंडित की दृष्टि उस पर पड़ ही गई, और एक दिन वह केदार से बोला --

''तू ये क्या चवन्नी चढ़ाता है, रूपया चढ़ा।''

तो केदार बोल उठा -

''आप ही तो हमको बचपन से यही चवन्नी चढ़ाना सिखलाए थे। हमें मालूम है कि शिव को यही पसंद है।''

इस पर पंडित क्रोधित होकर बोला - ''चुप कर! कहा न रूपया चढ़ा, ज्यादा सोच मत। तेरा काम है सिर्फ मेरा कहा मानना।''
केदार तिलमिला उठा और बोला - ''आपको नहीं शिव को चढ़ा रहे हैं।'' और इठलाता हुआ हँसने लगा।
यह सुन तो मानों पंडित पर क्रोध की मशाल जल उठी। उस हँसी में शायद उसको अपना अपमान नज़र आया और फिर क्या, उसने केदार को चेतावनी दे डाली --
''यदि कल से तू यहाँ दिखा तो तेरा सिर फोड़ दूँगा।''
अब केदार भी आवेश में आ गया और बोल पड़ा -
''देखता हूँ, कौन हमें अपने शिव से मिलने से रोकता है।''
इस स्थिति में कहीं न कहीं केदार भयभीत भी था इसलिए वह तुरंत अपने शब्द-बाण छोड़ वहाँ से निकल पड़ा।

अगले दिन जब केदार फिर शिव मंदिर पहुँचा तो केदार को रोकने के लिए पंडित ने अन्य पुजारियों को बुला लिया। पर पता नहीं कहाँ से उस दुर्बल केदार में शक्ति का अकस्मात् प्रबल संचार हो गया और वह रास्ते की सभी बाधाओं को तहस-नहस करता शिवलिंग पर पहुँच ही गया और फटाफट चवन्नी को उनके समक्ष रख आया। यह देख तो पंडित और पंडित्व पर बड़ा प्रश्न चिह्न खड़ा हो गया। सो अपने वर्चस्व की रक्षा के लिए पंडित ने अपनी चेतावनी को सही साबित करते हुए केदार के सिर पर पत्थर मार दिया और केदार का लहू धरा पर पानी की तरह फैलने लगा। इसे देख और भक्त मदद के लिए आगे बढ़े तो पंडित ने सभी को सचेत किया कि कोई भी मदद के लिए आगे न आए इसने भोलेनाथ का अपमान किया है। पर भीड़ में से कुछ लोगों ने अपने अंदर बैठे मनुष्य की ही आवाज सुनी और शीघ्र-अतिशीघ्र केदार को अस्पताल ले गए।
इस घटना की ख़बर सुन मैं, श्यामा और छगन समेत अस्पताल पहुँचा तो वहाँ केदार की दशा देख मेरे नेत्रों से आँसू की बौछार हो गई। श्यामा भी रोने लगी और छगन स्तब्ध रह गया। हालाँकि केदार का उस स्थिति में कुछ भी बोलना पीड़ादायक था उसके लिए, फिर भी उसने मुझे और छगन को अपने समीप बुलाया और कहा --
''साहब देखिए न ई पागल को! (स्वयं की ओर इशारा करते हुए) अब ये और नहीं जा पाएगा अपने शिव के पास। अरे! हम तो भूल ही गए, हम तो शिव के पास ही जा रहे हैं .... हमसे शायद कुछ गलती हो गई, जिस कारण हम अपनी पोटली की बची वो चार चवन्नियाँ, अब शायद नहीं चढ़ा पाएँगे। इधर आ छगन। बेटा! हमने जीवन भर, तुम्हें हमार जैसा बनने की ही बात कही। पर बेटा अपने बापू की तरह इतने पागल न हो जाना क्योंकि ई समाज, समाज को ही समझता है, इंसान को नहीं।''
ये आख़िरी शब्द कहकर केदार ने अपनी आँखें बंद कर ली।

केदार का ये पागलपन मेरी समझ में अब तक नहीं आया। मैं स्तब्ध हूँ।

# DEPRESSION

**Alakshaya Hira**
*B. com. (H), II Year*

What is the first thought that strikes your mind when I say the word darkness?
Well for me, it is that darkness is deceptive
for it comes with a faulty illusion of hope
Who is like a trusted guide
with a torn map
But I still believed in it
For I was a preacher of the thought that darkness fades into the bright morning light,
But what if I tell you
That the first time I met her
She made me realise that darkness is unbiased
for the bright morning light can be as dark as the gloom of the night
and that the hope is just like a mirage in my deserted world
which constantly pushes me towards itself
yet disappears when I ask for the destination

So let me introduce you to her

Now she is a homicide
dressed like an angel,
She comes in her most seductive dress
While I am a disguised slave of her beauty
And my deeds count, for only I can see her
She is brutal but she is poetic, she's a sadist but she is art

And I am lost
Lost in the rawness of her
existing in an endless spiral of silence
somehow, breathing under a pile of nothingness

she meets me everyday,
sometimes at the grocery shop and sometimes inside my empty room,
but her sadistic retribution lasts forever
for her aura resides in my veins
with a trivial reality
and lifetime of paranoia

She's also a master of witchcraft, for when she hurts I don't bleed
and why would I?
she never stabbed me
rather, she burns me subtly
like acid rushing through my skin
and I don't make a sound

for I am so exhausted feeling hollow
that I seek for pain in the name of an escape

Sometimes she ties me around my bed
And I can't help it, except for gazing endlessly at my room's ceiling
delving deeper into her curves,
running away from my life

she's also my best friend and I don't like to be with anyone else when she's around
For when I am with her,
We both are like a still boat over standing water
And the world is like an endless ocean which constantly touches us
yet never gets through us
For when I am with her
I am like a wanderer in a bygone land
an island in an endless sea
A preacher of my miseries
And a victim of my lonesome dreams

So by now, you must be knowing that she is different
and I love her,
for she might not have shed enough light to be a part of my brightest smile,
but she was always compassionate enough sit besides me during my darkest nights

And I swear that she is a goddess
for she has the power to do both,
Create my world and destroy it

So who is she?

Well, she's my master, she's my lover, she's my hooker, she's my best friend, she's my doom, she is my start, she's me
She is something within me

But for the world,
She is depression

## स्वामी विवेकानंद

''आप समझते हैं कि ईश्वर के आगे बैठकर यह कहने से कि हे ईश्वर, तेरी नाक बहुत सुंदर है। तेरी आँखें चमकती हैं। तेरे हाथ बहुत लम्बे हैं, कहने से वह प्रसन्न हो जाएगा और हाथ से पकड़ कर तुम्हें स्वर्ग ले जाएगा। नहीं, यह सब ढोंग है। जो शांति तुम पाना चाहते हो वह आँख बंद करने से नहीं मिलेगी। आँख खोलकर देखो कि तुम्हारे पास कौन है? कौन ग़रीबी और बेबसी की हालत में पड़ा है? किन रोगी और अपाहिज को सहायता की ज़रूरत है? अपनी शक्ति भर उसकी सहायता करो, यही ईश्वर की सच्ची सेवा है। इसी से तुम्हें शांति मिलेगी।''

# बचपन

**अजय**
*बी. ए. कार्यक्रम, प्रथम वर्ष*

इस जीवन की रेस में आगे बढ़ कर भी पीछे हूँ
खो गया मेरा बचपन फिर भी आंखें मींचे हूँ

बन गयी है ज़िन्दगी एक रेस की तरह
मगर, कुछ नहीं हाथ में रेस से जीता हुआ
बल्कि खो और गया कुदरत का मिला हुआ
खो गया मेरा बचपन है, मुझे इसका है गिला

इस रेस की भीड़ में हाँ इस भीड़ में हूं मैं अकेला
हाँ अब तो ये भीड़ लगने लगी है बचपन वाला मेला
है सब अनजान इस भीड़ में,
नहीं रही बचपन वाली शान इस भीड़ में

याद आती है बचपन की कहानियां जब होता हूँ तन्हायी में
दुख होता है अपने बचपन की इस जुदाई से

याद है मुझे कैसा था मैं कैसा हो गया हूं
अब समाज के नाम पर चेहरा लिए खो गया हूँ
आती है अब तो झूठी मुस्कान क्रोध छुपाने के लिए
और आती है बचपन की याद चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए

खो गया मेरा बचपन इस रेस में कुछ पाने के लिए
मगर, कुछ नहीं है मेरे पास ये बताने के लिए
कि कहाँ खो गया है मेरा बचपन और क्या पाने के लिए?



आता है याद बचपन वाला स्कूल तक का माँ का साथ
और माँ-बाप का बचपन वाला लाड प्यार
मगर अब नहीं रही बचपन वाली बात
छीन लिया है इस रेस ने बचपन जैसे पलों का साथ

याद है मुझे बचपन की याद
अब नहीं रही बचपन वाली बात
सब बदल गया है आज
इसलिए ढूंढ रहा हूँ, खोए हुए बचपन को आज
कहाँ हैं मेरा बचपन आज...
कहाँ हैं मेरा बचपन आज...

कहाँ हैं मेरा बचपन आज...।

# बचपन और आज

**दीपिका सिंह**

*गणित (विशेष), द्वितीय वर्ष*



कभी पहली बार स्कूल जाने से डर लगता था
आज हर रास्ता खुद ही चुनते हैं
कभी माँ-बाप की हर बात सच लगती थी
आज उनसे भी झूठ बोलते हैं
कभी एक छोटी सी चोट कितना रुलाती थी
आज दिल टूट जाता फिर भी संभल जाते हैं
पहले दोस्त सिर्फ साथ खेलने तक याद रहते थे
आज कुछ दोस्त जान से भी ज्यादा प्यारे लगते हैं
एक दिन था जब परेशानी का मतलब मां से पूछना पड़ता था
और आज परेशानी हमसफ़र लगती है
एक दिन था जब पल मे लड़ना पल मे मनाना रोज का काम था
और आज एक बार जो जुदा हुए तो रिश्ते तक खो जाते हैं
सच ज़िन्दगी ने हमें बहुत कुछ सिखा दिया ,
ना जाने रब ने हमें इतनी जल्दी बड़ा क्यों बना दिया।

# एक ऐसी लड़की

**ऋषु श्यामली**

*राजनीति विज्ञान (विशेष), तृतीय वर्ष*

उस रात लड़की का डिप्रेशन वापस लौट आया था. घरवालों की नज़रों से ख़ुद को बचाकर चादर के तले मुँह हाथों से ढँककर बिलख - बिलख कर रो पड़ी थी. तकिया का वो हिस्सा जो उसकी आँखो के नीचे पड़ता था, आँसूओं का सैलाब बना हुआ था. "सुन रहा है ना तू, रो रहा हूँ मैं" गाने की जेनेरेशन से होने के बावजूद उसे किसी और से अपना दुखड़ा सुनाना सख़्त नापसंद था. पर उस रात वह चाहती थी कि कोई ऐसा हो जिसे गले से लगाकर वह बच्चों की तरह भैं - भैं करके रो दे ... चाहती थी कि इस बहरा बना देने वाली ख़ामोशी में कोई उसे दो शब्द प्यार के कहे कि अकेली नहीं हो तुम ... मैं हूँ तुम्हारे साथ ... गिरने नहीं दूँगा तुमको ... पर सिवाए उस तकिए के जिसे वह शिद्दत से गले से लगाए हुए थी, उसके पास कोई नहीं था. उस रात उसने महसूस किया कि सात अरब लोगों की दुनिया में अकेला होना क्या होता है ... उसे ऐसा लगने लगा था कि "ज़िंदगी गुलज़ार है" में कशफ़ मुर्तज़ा ने बिल्कुल सही कहा था कि ज़रूरत के वक़्त कोई काम नहीं आता ... उसे अपने रहनुमा की याद आ रही थी जो उससे अक़्सर कहा करते थे कि किसी पर डिपेंड होना हमें कमज़ोर बनाता है. और फिर उसे अपने आप पर तेज़ ग़ुस्सा आया कि वो क्यों इतनी कमज़ोर है ... उसे पछतावा हुआ अपनी तबियत पर ...



ख्यालों में खोयी हुई वह धीरे-धीरे नींद की आगोश में जाने लगी ... उसे ऐसा लगने लगा कि वह मंटो की "हतक" की सौगंधी जैसी है ... जिस तरह से और जितनी शिद्दत से वह दूसरो से प्यार करती है, उस तरह का प्यार उसे कभी वापस नहीं मिला ... उम्र के उस मोड़ पर जब उसे प्यार की सबसे ज़्यादा ज़रूरत थी उसके साथ कुछ भी नहीं था ... फिर उसके अंदर दुनिया जहान के लिए बेहिसी ने जन्म लिया जिसके लिए उसे हमेशा ताने मिलते रहे. आदमी यूँ ही वो नहीं हो जाता जो वह आज है ... उसके ऐसा बनने के पीछे पूरा एक प्रोसेस होता है.

सामने की सड़क पर उसे कुर्ते पायजामे में कोई आता हुआ दिखा. उनके पास आने पर लड़की उन्हें पहचानते ही उछल पड़ी, "मे - रे म - न - टो"!!! मंटो ने चश्मे के पीछे से अपनी आँखों से मुस्कुराते हुए जवाब दिया - "हाँ ! मैं हीं तुम्हारा मंटो हूँ ... मैं इधर फुरसत में था तो मैंने सोचा तुमसे कुछ बातें कर लूँ". लड़की मन में मुस्काई ... ये मंटो भी ना ... किसी की भी मदद करने चले आयेंगे पर दिखाएंगे नहीं कि खाली मदद करने इतनी दूर से आये हैं ... मेरे प्यारे मंटो ... लाहौर के सड़क किनारे बनी किसी चाय के दुकान पर बैठे हुए चाय सुड़सुड़ाते हुए, अपने बगल में बैठे मंटो से लड़की ने पूछा, "क्या मैं इतनी बुरी हूँ जितना कि मैं ख़ुद को मानती हूँ या जितना बुरा मुझे दुनिया मानती है?"

मंटो ने कहा - "दुनिया के चश्मे पर डिपेंड करता है कि तुम बुरी हो या अच्छी हो ... वैसे मैं इस अच्छे या बुरे के पचड़े में कभी रहा ही नहीं ... इंसान वैसा ही व्यवहार करेगा जैसी उसके सामने परिस्थिति होगी. तमाम उम्र मुझ पर फ़हशी लिखने के इल्ज़ाम लगते रहे. मुझे पागल बताकर जेल भी भेजा गया. पर वहीं दूसरी तरफ़ तुम्हें और तुम्हारे जैसे दूसरे लोगों को मुझसे और मेरे अफ़सानों से बेइंतेहा मुहब्बत है..." लड़की थोड़ा शांत महसूस कर रही थी. तभी वहाँ फ़ैज़ आ गए. मंटो और वे गले मिले और फिर फ़ैज़ ने अपने लिए चाय मंगाई.

मंटो ने लड़की के मन को भाँपते हुए पूछा - "तुम लोगों को खोने से बहुत डरती हो ... है ना?" लड़की ने हाँ में सिर झुकाया. मंटो ने उसे समझाते हुए कहा - "ऐसा इसलिए क्योंकि तुम अब तक ख़ुद को पाने में नाकाम रही हो. जिस दिन तुम ख़ुद को पा लोगी, उस दिन तुम्हारा ये डर खत्म हो जायेगा." लड़की चहक उठी. "यहीं बात तो डियर ज़िंदगी में जहाँगीर ख़ान ने कही थी!!!" मंटो और फ़ैज उसके फ़िल्मी ज्ञान पर हँस पड़े ...

मंटो ने उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा - "मैं तुमसे बहुत मुहब्बत करता हूँ ... उतनी ही ज़्यादा जितनी तुमको मेरे अफ़सानों और मुझसे है ... ज़िंदगी में तक़लीफ, दुख, परेशानी - इन सब का आना लाजिमी है ... पर मायने ये रखता है कि तुम इनसे किस तरह लड़ी ... और जहाँ तक मैं और फ़ैज़ तुम्हें जानते हैं, तुम बहुत मजबूत हो ... बस मुश्किलों के सामने घुटने मत टेकना ... तुम्हें आने वाले कल से डर लगता है क्योंकि तुम्हें लगता है कि वो भी तुम्हारे अतीत की तरह होगा ... पर सोचो उस कल को ख़ूबसूरत बनाने की ताक़त आज तुम्हारे हाथ में है ... इतनी मेहनत करो कि कल अपने आप ही बेहतर हो जाए और भले हीं कोई तुम्हारे साथ हो या ना हो हम हमेशा तुम्हारे पास हैं. हम तुम्हारे दिल में सदा ज़िंदा रहेंगे." लड़की छलछलाई हुई नज़रों से उन्हें देखती रही ...

सुबह आँख खुली तो उसके चेहरे पर मुस्कुराहट थी...!

# MOTHER

**Kamata Gupta**
*B.Sc.(H) Mathematics, Second Year*

The one full of love
The one full of affection,
Where we could find,
Anyone else like a ‘Mother’

There is heaven at her feet,
Her every word is sweet,
Where we could find,
Anyone else like a ‘Mother ‘

We hold her finger and learn to walk,
She teaches us how to talk,
Where we could find,
Anyone else like a ‘Mother’.

We are always in her heart,
Find ourselves in her dart,
Where we could find ,
Anyone else like a ‘Mother’.

Everyone knows,
There is nobody else like a ‘Mother ‘•

# I NEVER SAW MY MOTHER GET ANGRY

**Vinita Upadhyay**
*B.A.(H) English, Second Year*

From a very young age, I have seen the man of the house
Fighting, shouting, demanding and swearing
And oftentimes he'd paint my mother's face
Her soft wheatish skin hued in the crimson of his rough finger prints
She'd just shed two apologetic tears,
never let anyone know about it.
I used to wonder,
Was that attachment of years that made her accept it quietly?
Because-I-never-saw-my-mother- get-angry.

Years later, I got married and the man of MY house,
Is interested in baring my body before we bared our souls to each other
Every evening, he thrusts me on the bed,
(For him I am a platter of meat and bones garnished with fresh youth)
And without even thinking, I submit myself.
Smiling, I wake him up every morning
But when he looks into my eyes, why does it feel like looking at my rapist in the face?

Last night I went to him (courage woven in words) and said he shouldn't ruffle me without my consent
His thoughtless hand rashed in my hair, pulling courage out of every word I said
Yes… I just shed two apologetic tears and didn't let anyone know about it.

Me, my mother, my mother's mother and one million seven thousand three hundred something women like us,
Have been fed on the thought that if you don't please "your man",
He has the right to claim
"Talaq Talaq Talaq"
And the institution of your wedlock will come crumbling down and
This man of your house will sent you to exile from his house that you made home
And you will have to live the rest of your life like a refugee.

And now I know,
Why-I-never-saw-my-mother-get- angry.

# छोटी–सी विनती

**तनुराग भारद्वाज**
*भौतिकी (विशेष), द्वितीय वर्ष*

जब मैं बात कर रही थी माँ से
एक बिल्ली मेरे पास में आयी
काली थी रंग में
गयी थी ना जाने कहाँ कहाँ से भगाई
मैंने ध्यान न दिया लगी माँ से बतियाने
अब वो बेचारी क्या बोलती....
लगी चुप चाप कान लगाने

मैंने अपनी दिनचर्या सारी गाथा कह सुनाई
क्या खाया... क्या पीया....
किस किस से मिलकर आयी
वो फिर भी मूक थी....
थी शांत रहने में ही चतुरायी

मन में सोचने लगी होगी....
क्यों हूँ मैं इस पाप की भरता
क्यों मेरा काटा हुआ रास्ता कोई पार नहीं करता
किसने है यह विस्मायी रीत बनाई
अभी तक करनी पड़ती है हमको भरपाई
स्वयं ही मुझे बिल्ली मौसी बुलाते हो
और फिर खुद ही मुझपे पत्थर बरसाते हो
मैं तो एक जानवर हूँ चुप कर जाती हूँ,
ज्यादा हो तो बस म्याऊँ कर रह जाती हूँ
मेरी बातों ने क्या तुम्हारे हृदय के तार छुए....
खैर छोड़ो
वो मौसी के क्या होंगे जो अपनी धरती माँ के न हुए

इतने में मेरी बात पूरी हो गयी,
मैंने नज़र इधर उधर दौड़ाई
मैंने अपने बगल में एक बिल्ली पायी
अकस्मात् उसे देख मैं चिल्लायी
हालाँकि बाद में बहुत पछताई

मैंने कर ही दी गलती.... अब समझ में आयी
जाने अनजाने में मैंने भी वो बिल्ली दी भगायी

कविता न ये कोई विशेष है,
पर एक छोटी सी विनती शेष है
अगर तुम्हें मिले वो बिल्ली तो रोक लेना
बता देना कि मैं बहुत पछताई
मैं अब भी उसकी राह देखती हूँ
लेकर थोड़ा-सा दूध, थोड़ी-सी मलाई



# आंतरिक द्वंद्व

**शिवानी**

*हिंदी विशेष, द्वितीय वर्ष*

वो बोतल
जिसमें जल भरा है
उसमें प्रयोग के लिए अंतिम तिथि नहीं
परन्तु बनने के वक़्त का पता है
जल बनने का नही

वो बोतल
जिसका ढक्कन अच्छी तरह बंद है
ना हवा को आज्ञा है भीतर जाने की
ना जल को अनुमति है बाहर छलकने की
बहुत से अणुओं से बना है
बोतल भी और जल भी
फिर भी अकेला है
बिलकुल मेरी तुम्हारी तरह

वो बोतल
जिसका कुछ नाम है
जो जल को और बोतल को
एक दर्जा देता है
उसकी काबिलियत तय करता है
स्वाद और
उसका एच टू ओ भी
नाम ही तय करता है

वो बोतल
जिसमें जल भरा है
आते-जाते राहगीर
सब जिसका दाम लगाते है
जो निश्चित है
किन्तु पता नही
वो दाम उस बोतल का है जल का नाम का या ... !

## हरिशंकर परसाई

''सहानुभूति संकट एक दिन मैंने एक भलेमानस का देखा। उसके परम घनिष्ट मित्र अस्पताल में थे और मौत के पास थे। उनसे कहा गया था कि आधा घंटा के ही मेहमान हैं। भलेमानस ने दफ़्तर से आधी छुट्टी ले ली और मरने वाले से अपनी मैत्री के स्टैण्डर्ड के हिसाब से शव-यात्रा के लिए तैयार होकर घर में बैठ गए। वे अस्पताल से फ़ोन का इंतज़ार कर रहे थे। फ़ोन बजता तो बड़ी आशा से उठाते और निराश होकर रख देते। दो-तीन घंटे हो गए। वे खीझकर कहने लगे 'बताओ भला कैसी झंझट है। हमसे तो कहा था कि आधा घंटे में काम तमाम हो जाएगा। तो हम छुट्टी लेकर इधर बैठे हैं। तीन घंटे हो गए पर उधर से ख़बर नहीं आयी।' मरने वाले की भी क्या धाँधली थी। जल्दी और ठीक समय पर नहीं मर रहा था और इनकी छुट्टी बरबाद हो रही थी।''

– ***सहानुभूति के रंग*** *से साभार*

*(विचार-वार्ता)*

# शिक्षा का जीवन-शैली पर असर

☛ मानव जीवन में शिक्षा एक ऐसा मार्ग हे जिसके द्वारा कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान बहुत ही सरल तरीके से प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा प्राचीन काल से गुरूओं द्वारा गुरूकुल में बहुत ही परिश्रम के साथ दी जाती थी। शिक्षा द्वारा हम अपने क्रिया-कलाप, स्वभाव, व्यवहार आदि को दूसरे के सामने बहुत ही उत्तम रूप में कर सकते हैं। कहा भी गया है शिक्षा के बिना मानव का जीवन पशुओं के समान है।




बचपन से ही हम स्कूलों में छोटी-छोटी बातें सीखते हैं और उसको अपने जीवन में उतारते हैं तथा हम किसी न किसी वैज्ञानिक, महापुरूष, विद्वान या किसी अन्य व्यक्ति को अपने जीवन का आदर्श बना लेते हैं। उसकी जीवनी के बारे में पढ़ते हैं तथा उसको अपने जीवन से तुलना करके अपने को उसी रास्ते पर ले जाने के लिए उत्साहित होते हैं। शिक्षा के द्वारा ही हम अपने को दुनिया के सामने बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं तथा अपने देश को विश्व को सर्वोच्च ऊँचाई पर पहुँचा सकते हैं। अगर हम किसी एक परिवार की बात करें तो जिस परिवार में आप खुशियाँ, परिवार की समाज में प्रतिष्ठा, समाज में उनके प्रति लोगों की भावना यह सब आपको एक शिक्षित परिवार में ही देखने को मिल सकता है और यह सब केवल शिक्षा का प्रभाव है। शिक्षा ही आपको शून्य से उठाकर शिखर तक ले जाता है और मैं नहीं समझता कि इससे ज़्यादा असरदार कोई औषधि इस पृथ्वी पर हो सकती है।

-- **मनोज कुमार यादव**
*गणित (विशेष)*

☛ ''विद्या ददाति विनयम्'' मेरे स्मरण शक्ति में हमेशा से शामिल है। विद्या की महत्त्वता को जो समाज जानता है, वह समाज सदैव प्रगति के मार्ग पर गतिमान रहता है किंतु जिस समाज में विद्या की अवमानना होती है, वह समाज सदैव के लिए नष्ट भी हो सकता है। यहाँ पर विद्या से मेरा तात्पर्य डिग्री, अंकों और कागज़ों से तो है ही नहीं जो आपके घर के कोनों में पड़े धूल खा रहे हैं। असल विद्या तो वह है जो सदैव ही आपके काम आए, आप उसे निखार सकें और समय के साथ उसकी महत्त्वता पर कोई आँच ना आए।

-- **आदित्य रावत**
*गणित (विशेष)*

☛ शिक्षा बुद्धिमता का परिचायक है, यदि हम किसी विषय पर शिक्षा ग्रहण करते हैं तो हमें उस विषय की समझदारी में आसानी होती है। जीवन-शैली का मूल अर्थ है, जीवन जीने का तरीका, दिनचर्या, सोने-जागने की प्रक्रिया, कोई कार्य करने की शैली, इन सभी क्षेत्रों में हमें शिक्षा, समझदारी प्रदान करती है। अच्छी शिक्षा हमें सदाचार सिखाती है। संस्कृत में कहा गया है --

'सदाचारः विहीन पुरूषः पशु तुल्यो भववि'

इसका अर्थ है कि सदाचार रहित पुरूष (व्यक्ति) पशु के समान होता है। जैसा कि कहा जाता है कि पशुओं में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता, कोई एक दूसरे के प्रति सम्मान नहीं रखते हैं। लेकिन यदि पुरूष शिक्षित हैं तो वो छोटे-बड़ों का सम्मान करेगा।

समाज दो प्रकार के होते हैं, एक शिक्षित और दूसरा अशिक्षित। यह तो नहीं कहा जा सकता है कि अशिक्षित समाज समझदार नहीं होता, लेकिन मैं यह कहने में पूर्ण रूप से सक्षम हूँ कि शिक्षित समाज अधिक समझदार होता है। शिक्षित समाज सहिष्णु होता है। शिक्षित समाज संवेदनशील होता है। ऐसे समाज में लोग एक दूसरे की मदद के लिए तैयार होते हैं। पढ़-लिख लेना एक अलग रचना है, शिक्षित होना एक अलग रचना है। पढ़-लिख लेने वाला ज़रूरी नहीं कि समझदार हो परन्तु अच्छी शिक्षा ग्रहण करने वाला व्यक्ति निश्चित ही समझदार होता है। यदि हमने शिक्षा एक चिकित्सक के रूप में ग्रहण की है तो हम सभी की जीवन-शैली में आने वाली बिमारियों का हल एक शिक्षित चिकित्सक के रूप में कर सकते हैं। बता दूँ कि शिक्षा तो घर में 'रसोई घर' में काम आती है। शिक्षा हमें वाहन का उपयोग करते वक़्त भी काम आती है। शिक्षा तो एक अमूल्य वस्तु है जो हमारी प्रतिदिन की दिनचर्या में मदद करती है। शिक्षा एक ऐसी अमूल्य कृति है जिसे छोटों से, बड़ों से, अमीर से, गरीब से, फ़कीर से हर किसी से ग्रहण की जा सकती है। मैं यह पूर्ण रूप से बताना चाहता हूँ कि यदि हम लोग सज्जन व्यक्ति की संगति में बैठते हैं तो शिक्षा प्राप्त होती है।

'सज्जनानाम् संगतिः सत्संगतिः कथ्यते'

निश्चय ही हम सभी को सत्संगति शिक्षा प्रदान करती है।

शिक्षा एक विश्वास है जो हम सभी को आगे बढ़ने में प्रोत्साहित करता है। मैं यह बात पूर्ण रूप से बताता हूँ कि यदि मैं आज यहाँ सभी प्रतिभागियों के साथ एक प्रतिभागी के रूप में इस कक्षा में बैठा हुआ हूँ, यह भी एक तरह से जीवन-शैली है, तो इसमें सम्पूर्ण योगदान शिक्षा का ही है।

-- **अखंड प्रताप मिश्र**

*इतिहास (विशेष)*

☛ शिक्षित व्यक्ति समाज को एक नया नज़रिया दे सकता है। वह व्यक्ति को सोचने के लिए मजबूर करता है कि समाज को स्वच्छ रहने योग्य कैसे बनाया जाए। अमूमन देखा जाता है कि अशिक्षित व्यक्ति या निरक्षर व्यक्ति परंपराओं से जकड़ा रहता है। नए को अपनाने में उसे दिक्कत महसूस होती है। हर व्यक्ति जो कि शिक्षित हो, वह व्यक्ति समय की माँग को समझता है, और अपना जीवन समयानुकूल बदल लेता है। शिक्षित व्यक्ति अच्छे-बुरे, सही-गलत की पहचान भी कर लेता है। शिक्षा का मानव जीवन-शैली पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जन्म से ही उसे कई तरह की वस्तुएँ प्राप्त हैं। जैसे धर्म, जाति, नाम, रंग और सबसे महत्त्वपूर्ण एक पारंपरिक विचारधारा। बालक जैसे-जैसे बड़ा होने लगता है उसका संसार-रूपी ज्ञान में वृद्धि होती जाती है, फिर वो प्रश्न करने लगता है कि मैं कौन हूँ, मेरे जीवन का क्या उद्देश्य है, मैं जी क्यों रहा हूँ इत्यादि। इन प्रश्नों को वो खोजता है फिर धीरे-धीरे उसे संसार का एक नया रूप नज़र आने लगता है। एक ऐसा संसार

जो धर्मों, रंग, सीमाओं को आधार पर बंटा हुआ है। जगजाहिर है कि जब-जब व्यक्ति शिक्षा पाता है वो अपने संसार में व्याप्त बुराइयों को हटाने के लिए तत्पर हो जाता है।

-- **प्रिन्स**

*इतिहास (विशेष), तृतीय वर्ष*

☛ मूलतः हमारी शिक्षा-पद्धति की उत्पत्ति प्राचीन काल से ही शुरू हो चुकी है, परन्तु इसकी विस्तृत परिकल्पना तो सभी को समायोजित करने पर ही सम्भव है। हमारे प्राचीन सभ्यता में शिक्षा इसलिए नहीं प्रदान की जाती थी कि लोग साक्षर हों और नौकरियाँ हासिल करें। पुरातन उल्लेखों से यह स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि उस समय शिक्षा मूल रूप से चरित्र को सकुशल निर्माण करने के उद्देश्य से दी जाती थी। परन्तु आज की उपभोगवादी एवं भ्रष्टाचार की लहर न केवल संसार ने नियमों को बल्कि यहाँ कि शिक्षा के सही मायने को ही परिवर्तित कर दिया है।




साक्षरता न केवल बड़े-बड़े व्याख्यानों एवं बड़े-बड़े उपनिषदों को पढ़ लेने से है बल्कि साक्षरता का तात्पर्य यह है कि आपने जो भी शिक्षा प्राप्त की है उससे हमारी मानव पीढ़ी पर क्या असर पड़ता है। यदि हम अच्छे विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से डिग्रियाँ सिर्फ नौकरियाँ पाने के लिए ही प्रयोग कर रहे हैं तो हमारी शिक्षा व्यर्थ है। स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षा का उल्लेख करते हुए कहा था कि - ''हमारे जीवन में शिक्षा का मूल उद्देश्य यह होना चाहिए कि हम अपने आपको नित्य नये दिन एक कदम आगे पाएँ।'' स्पष्टतः शिक्षा का अर्थ हमारी मौलिक एवं नैतिक गुणों से है कि हम अपनी प्राप्त की गयी शिक्षा को किस तरह से लोगों के हित में लगाते हैं।

वस्तुतः शिक्षा का हमारे जीवन पर व्यापक असर पड़ता है। जिस प्रकार एक घर में लोग जिस तरह से उठते-बैठते हैं उनका रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा का बच्चों पर असर पड़ता है। ठीक उसी प्रकार हमारी शिक्षा भी जिस तरीके से उपयोग करोगे हमारी आने वाली पीढ़ियों पर असर दिखेगा। यदि कोई व्यक्ति बहुत पढ़ा-लिखा है और वह किसी से अंग्रेजी में बात करता है, जान-बूझकर तो उस व्यक्ति के प्राप्त किये गये ज्ञानों का क्या मतलब है? यदि हम सचमूच अपनी शिक्षा को अग्रसर करना चाहते हैं तो हमें इसे प्रारम्भिक ज्ञानों में ही समायोजित करना चाहिए ताकि छोटे से ही बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्सुकता बनी रहे जिससे न केवल हमारी शिक्षा का प्रसार होगा बल्कि शिक्षा का अलग ही वातावरण बन जायेगा। जो शिक्षा का एक अलग ही रूप देगा। आज की मानव जाति की बात करें तो यह स्पष्ट होता है कि वे पाना सब कुछ चाहते हैं लेकिन करना कुछ नहीं। सभी प्रकार से यदि हम विकसित होने की बात करें तो वह शिक्षा के माध्यम से ही सम्भव है जिससे लोगों की सभी आधारभूत आवश्यकताएँ पूरी की जा सकती हैं।

*शिक्षा एक अजर-अमर रेखा है जो कभी न मिटने वाली और युगों तक चलने वाली है।* शिक्षा का प्रसार करने के लिए हम सबको मिलकर अग्रसर होकर शिक्षा के नया मायने प्रतिस्थापित करने होंगे

जिससे हमारे पूर्वजों से प्राप्त की गयी इस सम्पत्ति को आगे की ओर अग्रसारित होने में कोई अवरोध न हो।

-- **सुशील सिंह**

*गणित (विशेष), द्वितीय वर्ष*

☛ किसी भी समाज में यदि संघर्ष हो रहा है, आवाज़ें उठती हैं, आंदोलन चलता है तो इसका मतलब ही है कि वह संघर्ष, आवाज़ें, आंदोलन संपूर्ण समाज को लेकर चिंतित है, एक व्यक्ति मात्र को लेकर नहीं। समाज एक नहीं अनेक व्यक्तियों का संगठन है और उन अनेक व्यक्तियों का स्वभाव ही समाज का स्वभाव है। किसी भी व्यक्ति का स्वभाव उसके आचरण का परिणाम है, जो कि आचरण जीवन-शैली का और जीवन-शैली, शिक्षा, परिवेश, परवरिश का परिणाम है। हमारा परिवेश बालकों को सिंड्रेला की जादुई कहानी तो सुनाता है मगर पंचतंत्र व हितोपदेश के ज्ञान व समझदारी अथवा चतुराई नहीं पढ़ाता, जिससे बालक कपोल कल्पित दुनिया में जीता है व व्यावहारिक जीवन में आने में समय लगता है।

हमारा परिवेश दूर भागता है मेहनत से
दूर भागता है सच्चाई से
दूर भागता है तप से
इसलिए वह शिक्षित कर रहा है युवाओं को,
'चाटुकारिता' के प्रसार के लिए।

आपकी शिक्षा (जो वर्तमान में आपको मिल रही है) वो आपके तर्क को एक ही ओर ले जाएगी, एक ही प्रकार की जीवन-शैली बनाएगी और समाज का हित 'गुनगुना' कर आपको आपके अपनों से विभाजित करेगी, समाज का विध्वंस करेगी। इसलिए - 'उत्तिष्ठत जाग्रतः।'

-- **अंकित सुमन**

*राजनीति विज्ञान (विशेष), द्वितीय वर्ष*

☛ शिक्षित युवक से मेरा मतलब यह नहीं कि उसे गणित या रसायन के सारे सूत्र रटे हुए हों और वह दीवारों पर पीक मारता फिरे या युवतियों पर तंज कसता फिरे। शिक्षित युवक से मेरा मतलब है कि उस युवक को रसायन और गणित के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया गया हो। यदि वह व्यक्ति व्यवहारिक ज्ञान में कुशल होगा तो स्वतः ही उसकी जीवन-शैली परिवर्तित होगी और अपने आप ही देश का उद्धार होगा चूंकि युवा ही देश का भविष्य हैं।

-- **कुमार निखिलेश**

*रसायन विज्ञान (विशेष), द्वितीय वर्ष*

*- लुप्त होती लोकोक्तियाँ -*

● **न्योते गाँव पास नहिं कौड़ी**

*(डींग मारने या सामर्थ्य से बाहर काम करने को उद्धत होने वाले वाले के लिए उक्ति।)*

*(लेख)*

# शिक्षा के बदलते स्वरूप

**सुधांशु कुमार**
*संस्कृत (विशेष), तृतीय वर्ष*

बदलते समय के साथ शिक्षा के स्वरूप में भी परिवर्तन दिखलाई पड़ते हैं। वर्तमान समय में शिक्षा केवल ज्ञान के लिए ही नहीं अपितु यह एक ज़रूरत व व्यवसाय के रूप में देखा जाने लगा है। यह (शिक्षा) हमारे जीवन का आधार है दूसरे शब्दों में इसे जीने की कला का साधन भी कह सकते हैं।

शिक्षा की चुनौतियाँ बहुआयामी व बहुस्तरीय हैं। मोटे तौर पर हम देख सकते हैं कि साक्षरता, प्राथमिक शिक्षा, विश्वविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण-संस्थानों आदि की बढ़ती संख्या व उसका घटता स्तर तथा धनार्जन के भ्रष्ट तरीके और विद्यार्थियों की अनुशासनहीनता मूल समस्याएँ हैं। इतना ही नहीं देश की अधिकतर समस्याओं का मूल भी शिक्षा से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। चाहे वह नवयुवकों की बेकारी व उससे उपजता असंतोष, बढ़ता आक्रोश या जातिवाद, भाषावाद, धार्मिक उन्माद हो अथवा पाश्चात्य संस्कृति का बढ़ता प्रभाव हो। किसी भी पहलू को ले लें, आर्थिक नीतियों की बात करें या सम्पन्नता तथा गरीबी की बढ़ती खाई की ओर ध्यान आकर्षित करें। सब कहीं न कहीं राष्ट्र की शिक्षा से जुड़ा हुआ दिखलाई पड़ता है।

आधुनिक समय (२१वीं शताब्दी) में शिक्षा-प्रणाली का कुछ अलग ही नज़ारा देखने को मिलता है। अगर हम बाल स्तर पर शिक्षा-प्रणाली की बात करें तो आज के माता-पिता दो-तीन वर्ष के बच्चों को 'प्ले स्कूल' में दाखिला दिलवा देते हैं। जिस आयु में बच्चे को माँ-बाप का लाड़-प्यार चाहिए होता है, जहाँ उसे माँ-बाप की गोद में खेलना अच्छा लगता है उसकी बजाय वह किसी दाई (बाई) के संरक्षण में पल-बढ़ रहा होता है। आज के माता-पिता बच्चे को गर्भ से ही उसके भविष्य को सँवारने में लगे रहते हैं। वो चाहते हैं कि मेरे बच्चे कब अमेरिकन या ब्रिटिश स्टाइल में गुड मॉर्निंग, गुड नाईट, यस-सर, नो सर बोलना शुरू कर दें। कैसी त्रासदी है कि प्राथमिक शिक्षा में ही 'इण्डिया' बनाम 'भारत' की खाई बढ़ती ही जा रही है। गली-मुहल्लों में कुकुरमुत्तों की तरह खुले प्राइवेट स्कूल साथ में कोचिंग सेन्टर ने बच्चों की ज़िन्दगी से ही खेलना शुरू कर दिया है। कितनी दयनीय स्थिति है कि एक नन्हा बच्चा जिसे ठीक से बोलना भी नहीं आता अपने परिवेश से इतर आकर माँ द्वारा सीखाए गए - वो देखो बेटा, पिजन, काऊ, कैट, डॉगी, विन्डो आदि समझने को विवश है। अभी तो जुड़ना है उसे अपने परिवेश से, अपनी दुनिया से, अपने पर्यावरण से, कुत्ता, बिल्ली, गाय, चिड़िया, डाकिया से, जुड़ना है अपनी संस्कृति भरे माँ के आँचल से न कि थोपे जाते विदेशी शब्दाक्षर ज्ञान से। दो वर्ष का नन्हा बच्चा भी दबावग्रस्त होने लगता है और हम इसे गम्भीरता से नहीं लेते। हम उसकी तोतली भाषा में उच्चारित दॉगी, पैलोट सुनकर आत्ममुग्ध हो जाते हैं उसकी तोतली अंग्रेजी हमें गर्वीला बना देती है। उसे मातृभाषा तो सीखनी ही है और उस पर विदेशी भाषा भी सीखने का गहरा दबाव होता है। शिक्षा का उद्‌देश्य जब मात्र येन-केन-प्रकारेण अर्थात् जिस किसी प्रकार से भी धन अर्जित करना हो जाता है तब ऐसी समस्याएँ जन्म लेती हैं।

अगर सिर्फ प्ले स्कूल की बात करें तो उसकी फीस एक से डेढ़ लाख वार्षिक बैठती है कहीं-कहीं तो इससे भी ज्यादा है जो बी.टेक. शिक्षा के एक वर्ष की फीस से भी ज़्यादा है। एक ओर सरकारी स्कूलों की दशा देखिए वहीं दूसरी ओर प्राइवेट स्कूल की आलीशान इमारतों पर नज़र डालिए। सरकारी स्कूलों में आइ.ए.एस., एम.एल.ए., एम.पी., मन्त्री आदि लाट-साहेब के बच्चे कहीं नज़र नहीं आएँगे। यहाँ तक कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक भी अपने बच्चे को सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ाते। पढ़ाएँ भी कैसे? क्योंकि वहाँ गरीब तबके के बच्चे, क्षेत्रीय भाषा बोलने वाले बच्चे, शिक्षा की गुणवत्ता में कमी जो उन्हें दिखलाई पड़ते हैं।

शिक्षा का आधार इतना प्राकृतिक, सहज व सरल होना चाहिए कि उससे छात्र की सृजनात्मक शक्ति का विकास हो सके। यह सत्य है कि वर्तमान परिस्थितियों में तत्कालीन सोच को ज्यों का त्यों लागू करना सम्भव नहीं, किन्तु किसी भी विचार के मूलतत्त्व यदि मानवीय मूल्यों पर आधारित हैं तो वह सदा प्रासंगिक व हितकर होगा। हमें शिक्षा-प्रणाली को बदलने के प्रयत्न प्राथमिक स्तर पर ही करने चाहिएँ जो राजनीतिपरक, एक-दूसरे के प्रति भेदभाव न होकर प्रेम-सद्भाव, कल्याण व 'वसुधैव कुटुम्बकम्' पर आधारित हो।

# OPINIONS OUGHT TO BE HEARD

**Diksha Priyam Bayan**
*B.A.(H) English, First year*

"Speak up, talk.
Is it that difficult?" I often got asked that question.
But it was, you know.
And they didn't understand.
They didn't understand that it was difficult to look people in the eye and tell them that they're wrong.
That I don't agree just because it seems to make sense.
Just because Neha, Somya, Sukanya, and three others said that it was right.
That I have got my very own opinion
The opinion that I formed
Scrutinizing, thinking, pouring my mind over a piece of information that had been at the back of my mind since a time that I don't even remember.
But I am sure of its ingenuity
Sure because I cross-checked it just now.
Because I cannot not check it once again.

And that's how I formed my very own opinion.
I refuse to change it just because you outnumbered me with numbers
And not with convincing words.
So I'll almost prove Elisabeth Neumann's theory right,
Almost succumb to her 'spiral of silence'

Cause I've never really been a fan of arguments
Never really could shout and scream
And let people know what I think,
What I know, what I discovered,
And thus, what I believe in.
Cause I know that you and your friends can easily drown my voice,
Like it never existed in the first place.

With a mind so loud, quietude was never my thing.
But somehow, somehow I'm slowly coming to terms with keeping my mouth tight shut.

No one likes to be the odd one out.
And not everyone can remain standing against a majority itching to crush you down.
But I know that uniformity is not perfect.
Uniformity is not perfect, but is in fact, chaos.
Because that would mean that there's only one side of a coin.
Incomplete and Wrong.

But wait, my mind
My mind can't keep its shit together no more.
It needs to be heard, if not in screams
Then in polite voices, in lyrical tunes,
In rhyming words or inked pages.
So I find ways, subtle ways
To defy you and your blind majority.
Art, poems, articles, letters, songs,
Novels.
Do you read them?
Listen to them, appreciate them?

Now look closely again,
Can you hear my voice, my opinions in them?
Can you understand my metaphors mocking you?
Did you just appreciate my voice veiled in my poem?
You lose against a lone voice yet again
Because some opinions are just ought to be heard.

*- लुप्त होती लोकोक्तियाँ -*

- **परदेशी की प्रीति, फूस का तापना**

*( जैसे फूस की आँच क्षणिक होती है वैसे ही परदेशी का प्रेम अल्पस्थायी होती है। )*

# अपना नहीं लगता

**तनुराग भारद्वाज**
*भौतिकी (विशेष), द्वितीय वर्ष*

बाहर घर जैसा नहीं लगता
अब वो घर भी घर नहीं लगता
दोस्तों को क्या अपना कहूँ
अब तो अपना मन भी अपना नहीं लगता।

एक अलग सा अकेलापन यूँ ही झकझोर देता है
एक सूनापन हृदय को अंदर ही मरोड़ देता है
खालीपन की हद को क्या मालूम हो
अब तो भरा हुआ भी भरा नहीं लगता
अब तो अपना मन भी अपना नहीं लगता।

कुछ उधेड़बुन चलती रहती है दिमाग़ में
खाली दिमाग़ भी खाली नहीं लगता
शांति की क्या बात करूँ
शोर भी आजकल आवाज नहीं करता
नींद भी आती है अक्सर,
अब तो स्वप्न भी अपना नहीं लगता।

अब तो अपना मन भी अपना नहीं लगता
अब तो अपना मन भी अपना नहीं लगता।



*– लुप्त होती लोकोक्तियाँ –*

- **नाचे कुदे बानरा, माल मदारी खाय**

*( जब एक आदमी परिश्रम करता है और उसका लाभ कोई दूसरा उठाता है। )*

- **राग ताल का हाल न जाने, दोनों हाथ मजीरा**

*( जिसमें वास्तविक ज्ञान कुछ न हो और बाहरी दिखावा बहुत हो उसके लिए यह कहावत कही जाती है। )*

# समय

**प्रियंका चौरसिया**
*असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, संस्कृत विभाग*

तराशते रहे जिस बूत को, जान कहाँ थी उसमें
बनाते रहे जिस महल को, नींव कहाँ थी उसमें।

प्राण मिलते ही बंधनों में बंध गये
समझ आते ही नम्बरों की आपाधापी में लग गये
जाता रहा समय खुद को तो कभी जाना नहीं
फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथ्स के सूत्रों में फँस गये
जब थी उम्र खेलकूद की प्रतिस्पर्धाओं में लगे रहे
होश आया तब जब वे आनन्द के दिन निकल गये।

आया दूसरा पड़ाव जीवन का, सच अभी भी जाना नहीं
भौतिकता की चकाचौंध में आत्मानन्द को पहचाना नहीं
अच्छी जॉब, अच्छा साथी इनकी ही खोज करते रहे
दिखावे की चाह में पल-पल मरते रहे
मशीन की तरह बिताते रहे हर लम्हें को और मानवता की बात करते रहे।



आया वो पड़ाव, जहाँ शिथिल पड़ गयी इन्द्रियाँ
लेना पड़ा सहारा, निष्क्रिय हो गई ज़िंदगियाँ
शांत बैठे शैय्या पर, तब भ्रम जाल का काट हुआ
हसरतों की लहरें शांत हुई और दृश्य स्पष्ट हुआ
गवा दिया जीवन, व्यर्थ की ख़्वाहिशों में
सिमट गई सांसें, बस चंद राहतों में
पाना था उस आनन्द को, कि हर लम्हा महकता
आनन्द के घर से अमृत छलकता
लेकिन तुच्छ चाहतों ने उसे छलकने ना दिया
ख़्वाहिशों की घटाओं ने हमें चमकने ना दिया।

*लुप्त होती लोकोक्तियाँ*

- **मेरे लाला की उलटी रीत, सावन मास चुनावे भीत**

*( समय के अनुकूल काम न करने वालों के लिए इस उक्ति का प्रयोग किया जाता है। )*

*(लेख)*

# युवा और राजनीति

**सत्यम प्रियदर्शी**
*राजनीति विज्ञान (विशेष), तृतीय वर्ष*

राजनीति विज्ञान का छात्र होने के नाते मेरे लिए राजनीति का ज्ञान होना और भी ज़रूरी हो जाता है। वैसे तो जब मैं गाँव जाता हूँ तो कई लोग मुझे ये कहते हैं कि अच्छा ... राजनीति विज्ञान पढ़ के नेता बनना है तो मुझे हँसी आ जाती है। अंदर से आवाज़ आती है ना बाबा ना, इसका अर्थ ये नहीं कि मैं डर जाता हूँ या कुछ ऐसा, बल्कि आज की जो स्थिति है उस पर मुझे तरस आती है। मेरे अब तक के लेखन से ये लगता होगा कि छोटा मुँह बड़ी बात, पर ऐसा वास्तव में है नहीं। वो इसलिए क्योंकि मैं जो देख रहा हूँ उसी की बात कर रहा हूँ। दिल्ली यूनिवर्सिटी भारत की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है। मैं उसकी बात कर रहा हूँ और ज़रूरत पड़ने पर जे.एन.यू. की भी बात करूँगा और काशी विश्वविद्यालय की भी बात करूँगा। शायद इससे तो देश में युवा और राजनीति के बीच जो संबंध है वो सामने आ जाएगा। कहने के लिए हम इस तरह के जो भी लेख हो या कोई भाषण हो उनमें बड़े ही शानदार तरीके और शान से लिखते/कहते हैं कि भारत युवाओं का देश है और युवा कल के देश का भविष्य हैं और ये सच भी है पर ये जो भविष्य है (युवा) उसका वर्तमान कुछ और बयां कर रहा है। हम आज के नेता को कोसते हैं और कहते हैं कि आजकल के नेता भ्रष्टाचारी हैं, और कहते हैं कि वोट के लिए ये कुछ भी कर सकते हैं और न जाने क्या क्या.... पर आजकल के युवा, यानि हम। हम कैसे हैं? हम भी कौन उनसे कम हैं। जिस प्रकार से दिल्ली विश्वविद्यालय में चुनाव होता है उससे हम और आप वाक़िफ हैं, चुनाव के समय पानी की तरह रूपया बहाया जाता है, जगुआर और बी.एम.डब्ल्यू. से चुनाव प्रचार किये जाते हैं और रोड तो चुनाव पर्चों की चादर ओढ़े रहती है, चुनावी नियम का उल्लंघन किया जाता है। २-३ महीने तक बड़ी अजीबोगरीब स्थिति रहती है और जैसे चुनाव खत्म होता है अगले दिन मिठाई और ढोल-बाजा के साथ आ जाते हैं। जैसे इसी के लिए वोट दिया गया हो और उसके बाद इन ''नेताओं'' के दर्शन भी दुर्लभ हो जाते हैं। वोटिंग के दौरान भी रूपया बांटा जाता है, और तो और कॉलेज लेवल के चुनाव में भी उनका वोट खरीदा जाता है, छात्रों को सिनेमा दिखाया जाता है और वाटर पार्क घुमाया जाता है, ये सब किसलिए? अब इतनी समझ



तो सबको है ही! काशी विश्वविद्यालय में भी आये दिन छात्रों द्वारा गुंडागर्दी की ख़बर सुनने को मिलती है, और मामले में पूरी सच्चाई कितनी है ये तो वक़्त ही बताएगा पर जे.एन.यू. में जो गत वर्ष हुआ उसकी ख़बर तो पूरे देश को है। मुझे तो कहीं से भी जो स्थिति दिखाई दे रही है उसमें युवा और राजनीति के बीच का संबंध अच्छा तो दिखाई नहीं दे रहा। खैर जो भी हो युवा और राजनीति के बीच का संबंध शुरू से रहा जरूर है क्योंकि देश और राज्य के बड़े-बड़े नेता अपने छात्र जीवन में राजनीति में सक्रिय रहे हैं। यहाँ एक बात जो सामने आती है वो यह कि राजनीति का मतलब केवल राजनीति के मैदान में सक्रिय होने से नहीं है बल्कि राजनीतिक समझ भी जरूरी है और यह सबके लिए आवश्यक है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और ऐसे में ये (राजनीति) सबके लिए ज़रूरी होता है, हम शुरू से पढ़ते आ रहे हैं कि लोकतंत्र का अर्थ ही है... लोगों के लिए शासन, लोगों का शासन और लोगों के द्वारा शासन तो सीधी सी बात है कि राजनीति से हम हैं और हमसे राजनीति। मतलब हमारे समस्त जीवन में राजनीति का प्रभाव रहता है और ये हमारे लिए महत्वपूर्ण है और इसी से जोड़ कर हम युवा और राजनीति के संबंध को देख सकते हैं कि किस प्रकार एक युवा के जीवन में राजनीति का महत्व रहता है और कैसे युवा को राजनीति प्रभावित करती है।

मैंने इस लेख को केवल कॉलेज की राजनीति और युवा तक ही सीमित नहीं रखा है बल्कि एक उदाहरण के तौर पर रखा है। उसी तरह हम गाँव की युवा और राजनीति की बात करेंगे तो पायेंगे कि गाँव में युवकों को अगर हम सूची में बांटे तो कुछ युवक पढ़ाई के लिए शहर आ जाते हैं। कुछ काम ढूंढने आते हैं और बाकि जो युवक गाँव में रहते हैं उनकी राजनीतिक समझ को अगर हम देखें तो पायेंगे कि कुछ तो राजनीति को लेकर बस इतना सोचते हैं कि ये उनका काम नहीं है। बल्कि कुछ राजनीति को लेकर बस इतना सजग रहते हैं कि गाँव में अगर मुखिया या सरपंच का चुनाव होता है तो उसमें थोड़ा एक्टिव होते हुए दिखते हैं। वो भी उम्मीद्वारों के पीछे-पीछे या फिर उनकी रैलियों में दिख जाते हैं और मुझे बस कुछ नहीं बल्कि ''वेस्टेज ऑफ ह्यूमन कैपिटल'' सा मालूम पड़ता है क्योंकि ये बस इसलिए ऐसा करते हैं क्योंकि इसके एवज में कुछ खाने-पीने को मिल जाता है या थोड़ा बहुत रूपया। मेरी इस लेख में नेगेटिविटी ज़्यादा दिख रही होगी पर अब क्या करूँ मुझे तो ऐसा ही कुछ मंजर दिखाई देता है। इस वक्त युवा और राजनीति को लेकर फिर चाहे वो शहर हो या गाँव, फिर चाहे वो यूनिवर्सिटी हो या कॉलेज सब जगह एक जैसा ही प्रतीत होता है। अब चाहे जो भी हो ये कैसी राजनीति है और कैसा भाषण है कि आपको देश को टुकड़े-टुकड़े तक करने की बात करनी पड़ गयी। इतनी भी क्या नाराज़गी हो गयी देश से। ये सब ठीक नहीं हो रहा है, अजीब सी स्थिति हो गयी है। कभी-कभी सोचने पर बड़ी चिंता हो जाती है, अभी बहुत कुछ सीखना होगा हम युवाओं को, अभी बहुत कुछ जानना होगा हम युवाओं को।

कॉलेज में भी मैं देखता हूँ विद्यार्थियों की एक टोली होती है और उसमें एक ऐसा लड़का होता है जो लीड कर रहा होता है या उनका नेता मालूम पड़ता है। इन लड़कों की अगर पारिवारिक स्थिति देखी जाए तो काफी धनिक घर से होते हैं और इनका मकसद सिर्फ और सिर्फ इतना होता है कि ये कैसे भी अपने इस गुट के माध्यम से और कुछ बाहरी और आंतरिक

सहारे से पहले कॉलेज के चुनाव में अपना सिक्का जमा सके और फिर यूनिवर्सिटी स्तर के चुनाव में अपनी धाक जमा सके। फिर इनका एक मात्र लक्ष्य होता है कि कैसे भी देश की राजनीति में प्रवेश या यूँ कहें विधायक की टिकट मिल जाये और यही सत्य है। बाकि कुछ ऐसे भी छात्र नेता होते हैं जो वाकई में कुछ करना चाहते हैं और आवाज़ उठाते हैं, प्रदर्शन करते हैं और ऊपरी स्तर तक अपनी बात पहुँचाते हैं और बदलाव लाते हैं। हमें ऐसे युवा को समर्थन करना चाहिये और मैं मानता हूँ कि अगर ये आगे चलकर देश को संभालें तो इन पर विश्वास किया जा सकता है बाकि जो हो रहा है उससे हम और आप परिचित ही हैं। देश तो अपनी रफ्तार में विकास करेगा ही बदलाव तो आने ही हैं और आते भी हैं। अगर ऐसा ना होता तो १६४७ के भारत और अभी के भारत में कोई अंतर ही न होता। जो ये कहते हैं कि कुछ बदलाव नहीं आया मैं उनसे भी सहमत नहीं होता। बाकि इतना तो है कि युवा और राजनीति का जो विषय है वो उतना भी मजबूत नहीं है जैसा होना चाहिये। हम युवाओं को इस पर विचार और मंथन करना चाहिये..... क्योंकि एक कहावत है Charity begins at home तो मेरे एक से कोई बड़ा बदलाव तो नहीं आने वाला पर मैं जो करता हूँ वो मैं बता दूँ कि मैं तृतीय वर्ष का छात्र हूँ, प्रथम वर्ष से अब तक मैंने तीनों वर्ष वोट तो जरूर ही दिया है क्योंकि मेरा मानना है कि बदलाव के लिए ये भी जरूरी होता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में ६० प्रतिशत से ऊपर वोट का प्रतिशत नहीं जाता। दूसरी तरफ मैंने कभी भी मुफ्त में मिल रही कोई भी सुविधा, वोटिंग से पहले का, आनंद नहीं उठाया। क्योंकि मेरा मानना है कि पहले खुद को बदलूँ, फिर बाकियों को समझाऊँगा और ऐसी बात नहीं है कि छात्रों के बीच जागरूकता नहीं है। क्योंकि २०१५ के आंकड़े इस बात की सबूत है उस वर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय के चारों पद पर जितनी ''नोटा'' वोटिंग हुई थी वो अध्यक्ष के वोट का कुल वोट से ज्यादा थी।



कुल मिलाकर सोचने वाली बात इतनी है कि अगर विश्वविद्यालय या कॉलेज लेवल पर जब इस तरह की खराब स्थिति रहेगी और ऐसे नेता होंगे तो यही कल को देश चलाएंगे। ऐसे में इनसे हम क्या उम्मीद रखेंगे..... इसका जवाब मैं ढूँढ रहा हूँ... और एक आदर्शवादी जवाब देने के लिए मैं लिख सकता हूँ कि हमें यह करना होगा वो करना होगा पर ये बस लेख में ही अच्छा लगता है। बाकि देश के भविष्य तो हम ही हैं जवाब भी ढूँढ ही लेंगे!! फिलहाल सबसे पहले मैं खुद स्वावलंबी तो हो जाऊँ।

# TETRA PACK

**Aditya Kapoor**
*B.Com (H), First Year*

After yet another day of giggles and gags, I come back home and sit in front of the mirror and see;
I see myself as a well packed body and I gaze till I hear the inner screams.

The screams were of caged, demonised, emotional players;
And now that I am alone, I begin to lose my layers.

In no time, my concave smile is a plain straight line,
And the bubble bursts and I am finally 'not fine'.

The third layer is also lost and the melody of melancholy has begun,
And of course why not, for this is a major one.
My 'self confidence'- as I shattered this, layer number three,
Two more automatically get shattered for free.

They are the 'hope' and 'will to see',
Through this night- dark and greasy.
And finally I was left with one last layer- the one thin layer of the virtual me,
A soft skin, young wild and free, along with a bold heart;
I lose this now... I lose this now to reveal my scars.

These six layers constitute what I am for the world,
While in reality it's a whirlpool swirl.
Where a big smile has tragedies to yell,
Where the sparkle of these eyes have stories to tell,
Where the pain is felt just to hurt more,
Where happiness is like a micro vapour.

I feel my sweaty palms and overburdened shoulders,
And I want to cry for this life which is a curse.
For while managing a hundred things on shelf,
I just ended up losing myself.

These scars that I see aren't cuts and stitches,
But these are rather the internal, invisible glitches.

Without the smile that I wore and I'm fine bubble,
The self confidence, hope and will to handle the troubles;
And finally the virtual me that the world usually sees, it was me unlayered;
Emotionally-mentally- physically, challenged and impaired.

And in a position where I've lost myself, I continue to live and make things work;
For what other way do I have to not be a jerk.
So I smile and I pack myself in these layers again,
Rebecoming the tetra pack- of happiness and no pain.

*(लेख)*

# औरंगजेब– कट्टर या महत्त्वाकांक्षी?

**प्रिंस**
*इतिहास (विशेष), तृतीय वर्ष*

"ना तो बढ़ती उम्र के साथ और ना ही बढ़ते अनुभव के साथ औरंगजेब की धार्मिक कट्टरता में कोई कमी आई।" जादूनाथ सरकार ने इस वाक्य के माध्यम से औरंगजेब को कट्टर कहा था। श्री राम शर्मा सरकार को समर्थित करते हुए औरंगजेब को न सिर्फ कट्टर बल्कि उसकी तख़्तनशीनी को इस्लामिक कट्टरवाद की जीत कहते हैं।



ख़ैर ये तो ऐतिहासिक विवाद का मुद्दा है। इतिहास कभी भी शाश्वत नहीं होता है। भिन्न-भिन्न काल में पृथक-पृथक शासकों द्वारा इतिहास को परिभाषित किया जाता है। औरंगजेब का ऐतिहासिक व्यक्तित्व यह है कि इसे एक क्रूर शासक माना जाता है। क्या औरंगजेब कट्टर था – या अन्य किसी भी शासक की भांति राजनीति की ओर महत्त्वाकांक्षी? शाहजहाँ के चार बेटे थे – दारा, शुजा, औरंगजेब और मुराद। चारों ही राजसिंहासन के प्रबल दावेदार थे। सामूगढ़ में उत्तराधिकार के लिए युद्ध लड़ा जाता है जिसकी परिणति औरंगजेब के विजय में होती है। औरंगजेब ने युद्ध के बाद अपने भाइयों की हत्या कर दी तथा पिता को नज़रबंद कर दिया। क्या इस तथ्य से औरंगजेब को कट्टर कहा जा सकता है। कदापि नहीं। सुदूरपूर्व अतीत में झाँके तो पता चलता है कि पिता और भाइयों के साथ किया गया दुर्व्यवहार कोई नवीन नहीं है। हर्यक वंश के शासक बिंबिसार के साथ उनके पुत्र ने ऐसा ही व्यवहार किया था। मौर्यकाल में अशोक ने गद्दी प्राप्त करने के लिए स्वजनों के रक्त से सिंहासन प्राप्त किया था, तो क्या वाजिब होगा औरंगजेब को कट्टर कहना?

औरंगजेब को कट्टर मानने वालों का कहना है कि औरंगजेब ने जबरन धर्म-परिवर्तन तथा हिंदू मंदिरों का विध्वंस किया है। धर्म-परिवर्तन औरंगजेब से पहले ही हुआ था क्योंकि औरंगजेब के सरकारी इतिहास में इक्के-दुक्के ही उदाहरण मिलते हैं। अगर सचमुच बड़े पैमाने पर धर्म-परिवर्तन होता तो उसके सरकारी इतिहासकार गुणगान करते ना थकते। यही बात मंदिरों के संदर्भ में कही जा सकती है। औरंगजेब शरीयत के कठोर निर्देशों का पालन करता था। शरीयत में कहा गया है कि पुराने मंदिरों को तोड़ा नहीं जायेगा, लेकिन साथ ही साथ नवीन मंदिरों का निर्माण भी नहीं किया जायेगा। यदि वह मंदिर तोड़ता है तो इसका मतलब वो शरीयत का पालन नहीं करता था। मंदिरों को तोड़ने के पीछे दो कारण और थे। पहला तो यह कि जब भी कोई विद्रोह होता था तो ये मंदिर लोगों को इकट्ठा करने में मदद करते थे। दूसरा यह कि औरंगजेब मंदिरों का विध्वंस

कर मुस्लिम जनता को अपने पीछे लामबंद करना चाहता था। ऐसा भी नहीं है कि मंदिर पहले नहीं तोड़े जाते थे। पूर्वमध्यकाल में साक्ष्य मिलते हैं कि दक्षिण भारत में जब कोई तथाकथित हिंदू राजा जब दूसरे तथाकथित हिंदू राजा को युद्ध में परास्त कर देता था तो उसके मंदिरों को तोड़कर विजयी राजा अपने देवी-देवताओं की प्रतिमाएँ वहाँ बनवाता था। औरंगजेब के समय में जब शिक्षा का पर्याय 'धर्म' माना जाता था तो इस तथ्य से आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि मंदिरों को तोड़ना धार्मिक कट्टरता का प्रतीक है। औरंगजेब ने कई मंदिरों को दान भी दिए हैं। जब बनारस के ब्राह्मणों का मुस्लिम अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न हो रहा था तो ब्राह्मणों ने मुग़ल कोर्ट में पिटिशन दर्ज कर दी, जिसमें औरंगजेब ने ब्राह्मणों के पक्ष में फैसला सुनाया। धार्मिक कट्टरता के एक रूप में कहा जाता है कि औरंगजेब ने अकबर की 'सुलह-ए-कुल' की नीति को उलट दिया तथा जजिया की पुनरावृत्ति के पीछे गहराता राजनीतिक संकट विद्यमान था। अगर ऐसा ना होता तो औरंगजेब अपने शासन के प्रारंभ से ही जजिया को लागू कर देता, ना कि २२ वर्ष उपरांत।



अपने शासन के उत्तरार्द्ध में औरंगजेब ने अपने भाइयों की लड़कियों की शादी अपने बेटों से कर दी और इस प्रकार उनका परिवार वैवाहिक संबंध में एकताबद्ध हो गया। औरंगजेब अपने पोते-पोतियों को अच्छे शासन की सीख देता था। वह कहता था कि राजा का धर्म है कि वो अपनी प्रजा को अपनी संतान समझे।

इन सारे तथ्यों से दृष्टिगोचर होता है कि औरंगजेब ने जो भी किया वह पहले वाले शासकों ने भी किया था और बाद वालों ने भी। फिर औरंगजेब को कट्टर क्यों कहा जाता है? आख़िर क्यों किसी को बदनाम करने के लिए उसके साथ औरंगजेब का नाम जोड़ा जाता है? क्यों सड़कों से उसका नाम हटा लिया जाता है? पुस्तकों में उसे हारा हुआ क्यों प्रदर्शित किया जाता है? आख़िर कैसे औरंगजेब को बदनाम करने से सत्ता पाई जा सकती है? क्यों उसे विदेशी कहा जाता है जिसकी पाँच पुश्तें इस ज़मीन में धूमिल हो गई? इन प्रश्नों का उत्तर चाहे मिले या ना मिले, लेकिन औरंगजेब के एक अतुलनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वह योगदान था भारत को एक सुदृढ़ केंद्रीकृत व्यवस्था प्रदान करना। उसी के समय में ही संपूर्ण भारत एक शासक के छत्रछाया में आ गया था।


''इतिहास में रहते हुए इतिहास का मर्म जानना शायद उतना ही असंभव है, जितना धूप में चलते हुए अपनी छाया को लाँघने का प्रयास करना।'' – निर्मल वर्मा, *इतिहास स्मृति आकांक्षा, पृ० १८*

*(फ़िल्म)*

# बिमलरॉय : 'दो बीघा ज़मीन' और 'मधुमती' के बीच

**कुश सक्सेना**
*इतिहास (विशेष), द्वितीय वर्ष*

एक ही निर्देशक (बिमल रॉय) के निर्देशन में बनी दो फ़िल्में *दो बीघा ज़मीन* व *मधुमती* वैसे तो अपने आप में परिपूर्ण हैं, परन्तु दोनों फ़िल्मों के विषय एक दूसरे के बिल्कुल विपरीत हैं। जहाँ *दो बीघा ज़मीन* में ज़मींदारी प्रथा के ख़त्म होने के समय में किसानों पर किये गये अत्याचारों को प्रस्तुत किया गया है। वहीं *मधुमती* में प्रेम को विषय बनाया गया है। *मधुमती* एक प्रेम कहानी है





जबकि *दो बीघा ज़मीन* एक सामाजिक चिंतन की कहानी है। १९५३ में बनी फ़िल्म *दो बीघा ज़मीन* का नाम रवीन्द्रनाथ टैगोर की कविता 'दुई बीघा जमीन' से लिया गया है। जबकि *मधुमती* का नाम फ़िल्म की नायिका के नाम पर रखा गया है। दोनों ही फ़िल्मों के नाम फ़िल्म की कहानियों के साथ पूर्ण न्याय करते हैं। फ़िल्म *दो बीघा ज़मीन* में अपने किरदार के साथ न्याय करने के लिए बलराज साहनी ने कोलकाता की सड़कों पर खुद रिक्शा चलाया और रिक्शा चालकों के साथ बातचीत करके यह पाया कि जो किरदार वह निभाने जा रहे हैं वह किस हद तक सही है।

फ़िल्म *मधुमती* से प्रेरित *कुदरत* फ़िल्म की कहानी भी *मधुमती* से कुछ मिलती-जुलती है। इसके अलावा फ़िल्म *मधुमती* का वह दृश्य जिसमें उग्रनारायण को पकड़वाने में मधुमती की रूह आनन्द की मदद करती है, फ़िल्म *ओम शान्ति ओम* में नकल किया गया है। और इसी वजह से बिमल रॉय की पुत्री रिंकी भट्टाचार्य ने फ़िल्म के निर्माता को नकल करने के लिए अदालत में ले जाने की धमकी दी थी।

फ़िल्म *दो बीघा ज़मीन* में कैमरे का बहुत अच्छे से प्रयोग किया गया है। फ़िल्म का वह दृश्य जिसमें बलराज साहनी सड़क पर रिक्शा दौड़ाता है ऐसे शूट किया गया है कि आसपास सड़क पर चलने वालों को पता भी नहीं चला कि फ़िल्म की शूटिंग हो रही है। दरअसल कैमरामैन ने सड़क के किनारे बने एक घेटल की छत पर सीन शूट करने के लिए कैमरा लगाया था। इसी प्रकार *दो बीघा ज़मीन* में एक और दृश्य जिसमें ज़मींदार व शम्भु के बीच वार्तालाप है, एकदम वास्तविक लगता है। इसमें शम्भु जब प्रवेश करता है तो कैमरे से शम्भु को ऐसे शूट किया गया है जिससे वह एक दबा-कुचला व सताया हुआ आदमी लगता है और फिर जब वार्तालाप होता है तो शम्भु को पुनः ऐसे शूट किया गया जिससे वह सताया हुआ, दुःखी व चिंतित दिखाई दे। इसके बाद जब ज़मींदार जाता है तो उसे कैमरा बिल्कुल नीचे करके शूट किया गया है ताकि वह और भी भयानक व अत्याचारी दिख सके। *मधुमती* में भी दिलीप कुमार को मस्त दिखाने के लिए सूनसान जंगल में

अकेले आता हुआ शूट किया गया है तथा साथ ही धुएँ का भी प्रयोग किया गया है ताकि दिलीप कुमार को देखने वालों को ऐसा लगे कि वह अपने मन की दुनिया में आ गया है। इसी तरह जब मधुमती की रूह राजा उग्रनारायण से सब सच-सच उगलवाती है तो उस सीन को ऐसा दिखाने के लिए सच में राजा रूह से डर रहा है (बनावटी न लगे) सीन को मधुमती के पीछे से शूट किया गया है। शुरूआत में जब देवेन्द्र व डॉक्टर हवेली में रात में ठहरे हुए होते हैं और देवेन्द्र एक बार सोते से जाग जाता है और फिर बैठे-बैठे ही सो जाता है तो इस सीन में उनके कान को फोकस किया जाता है। वो भी इसलिए क्योंकि उसे सोते हुए किसी की आवाज़ सुनते हुए दिखाया जाना था। दोनों ही फ़िल्मों में कैमरे का बड़ी खूबसूरती से प्रयोग किया गया है।


दोनों ही फ़िल्मों में संगीत सलिल चौधरी व गीत शैलेन्द्र ने दिये तथा दोनों ही फ़िल्मों के गीत कहानियों से एकदम मिलते हैं। ऐसा नहीं लगता कि गीत का कहानी से कोई संबंध नहीं है तथा गीत को फ़िल्म में ज़बरदस्ती घुसेड़ा गया है। खासकर *मधुमती,* जिसमें नौ गीत हैं एक भी गीत ऐसा नहीं लगता कि ज़बरदस्ती लगाया गया है या फ़िल्म से संबंधित नहीं है। बैक ग्राउण्ड संगीत भी दोनों फ़िल्मों में एकदम सीन को उभारने वाला प्रयुक्त हुआ है। जैसे फ़िल्म *दो बीघा ज़मीन* में जब कन्हैया चोरी करने जाता है और उसे डर लगता है व शंका होती है तब पीछे जो संगीत बजता है वह कन्हैया के डर व शंका को एकदम वास्तविक बना देता है। इसी प्रकार फ़िल्म *मधुमती* में जब पवन राजा मधुमती को आनन्द से मिलने जाने से रोक देता है तो आनन्द को चिन्ता हो जाती है कि मधुमती अब तक पहुँची क्यों नहीं? तब वह स्वयं मधुमती से मिलने आ जाता है। इस दृश्य में अन्तिम संवाद पवन व मधुमती के बीच होता है इसके बाद कोई संवाद नहीं होता है। आनन्द के चिन्ता करने से लेकर मधुमती के घर पहुँचने तक केवल बैकग्राउंड संगीत ही बजता है वो भी बरसात, बिजली की गड़-गड़ व रात्रिचरों की आवाज़ों से युक्त। बिना किसी संवाद के केवल संगीत से भी यह दृश्य बिल्कुल वास्तविक लगता है।




अगर कुछ चरित्रों की बात करें तो फ़िल्म *दो बीघा ज़मीन* में मोटी दादी के चरित्र में ऊपर से कठोरता व अन्दर से कोमलता झलकती है। उसका चरित्र कुछ इस प्रकार का है कि वह पहले किसी भी बात के लिए मना करती है फिर स्वयं ही हाँ करती है। इसके अतिरिक्त लालू उस्ताद के चरित्र की अगर बात करें तो लालू उस्ताद का चरित्र एक मस्त-मौला और आवारा लड़के की तरह है। जिसको अपने आपको उस्ताद कहलवाना पसंद है परन्तु वह भी दिल का साफ़ है। वह बूट पॉलिश करने में कन्हैया की मदद भी करता है। इस सब के विपरीत फ़िल्म *मधुमती* में एक मजाकिया किरदार है, चरनदास। वह आनन्द का नौकर है। उसकी पहली मुलाकात ही आनन्द से बड़ी विचित्र हुई थी। जब वह पहली बार आनन्द से मिला था तो पेड़ पर उल्टा लटका हुआ था। चरनदास का चरित्र ऐसा है कि उसे काम के समय मज़ाक सूझता है। उसकी बातों के साथ-साथ उसकी हरकतें व चेहरे के भाव भी मज़ाकिया हैं। एक अन्य सीन में वह बहुत मज़ाकिया संवाद

करता है। यूँ तो तीनों ही चरित्रों के संवाद में कहीं न कहीं हास्य उत्पन्न हो ही जाता है परन्तु चरनदास का चरित्र ऐसा है कि वह हास्यपूर्ण संवाद ही नहीं हरकतें भी करता है। इसलिए चरनदास का चरित्र उपर्युक्त दोनों चरित्रों से बिल्कुल भिन्न है।

यदि उद्देश्य की बात करें तो *दो बीघा ज़मीन* एक सामाजिक फ़िल्म है। इसका उद्देश्य समाज में ज़मींदारी प्रथा के कारण हो रहे शोषण को दिखाना था। यह फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर सामान्य रही। जबकि *मधुमती* एक प्रेम कथा है जिसका उद्देश्य प्रेम कथा दिखाने के साथ-साथ बॉक्स ऑफिस पर व्यापार करना भी था। यह अपने समय की सुपर हिट फ़िल्म थी और इसने काफ़ी अच्छा व्यापार भी किया। इसके अतिरिक्त पुरस्कारों की एक लम्बी श्रृंखला थी अपने नाम की। बिमल रॉय ने दोनों ही फ़िल्मों में उपयुक्त बैकग्राउण्ड रखा। *मधुमती* एक पहाड़ी इलाके की लड़की की प्रेम कहानी है इसलिए रॉय ने एक ऐसे पहाड़ी इलाके का चयन किया जो एकदम सूनसान दिखता है। पूरी फ़िल्म में पहाड़ी इलाके में एक-दो घर से ज़्यादा नहीं दिखते, यह उपयुक्त चयन ही है जो दर्शक को फ़िल्म से बाँधे रखता है। *दो बीघा ज़मीन* में ग्रामीण व शहरी दोनों इलाकों को बिमल रॉय ने बखूबी दिखाया है। ग्रामीण इलाके के लिए ज़मीन, टूटी झोपड़ी, कच्ची सड़कें आदि का चित्रण और इसके साथ ही शहर में बड़ी-बड़ी इमारतें, बस, गाड़ी, पक्की सड़कें आदि का चित्रण बिमल रॉय की *दो बीघा ज़मीन* को सजीवता प्रदान करता है। *दो बीघा ज़मीन* का कथानक *मधुमती* से अधिक सघन और गंभीर है इसमें कोई शक नहीं। साथ ही दोनों फ़िल्मों में दृश्यों को इस प्रकार जोड़ा गया है कि संपादन में अन्तर बता पाना मुश्किल है। बिमल रॉय का निर्देशन कैसा है यह इस बात से स्पष्ट हो जाएगा कि बिमल रॉय अपनी फ़िल्म में सत्य प्रदर्शन का पूरा ध्यान रखते थे और उन्होंने *मधुमती* जैसी प्रेम कथा में भी अपनी तरफ से सत्यता (वास्तविकता) प्रदर्शित करने की कोशिश की है। हालांकि *मधुमती* में भूत वाला दृश्य काल्पनिक है लेकिन बिमल रॉय ने उसको भी ऐसे प्रदर्शित किया है कि वो दृश्य भी वास्तविक लगता है।




संक्षेप में *मधुमती* व *दो बीघा ज़मीन* दोनों ही फ़िल्में एक दूसरे के बिल्कुल विपरीत हैं। फिर भी दोनों एक जुड़ाव भी। जहाँ *दो बीघा ज़मीन* में समाज के साथ प्रेम है वहीं *मधुमती* में एक प्रेम के साथ समाज को प्रदर्शित किया गया है। दोनों में ज़मीदारों का शोषण है। दोनों में नायक व नायिकाएँ एक दूसरे से प्रेम करते है। दोनों में प्रेम का केन्द्र अलग है जो फ़िल्मों के नाम से ही स्पष्ट हो जाता है। एक में प्रेम का केंद्र दो बीघा ज़मीन है तो दूसरे में मधुमती। बिमल रॉय ने दोनों ही फ़िल्मों का निर्देशन इतनी बारीकी से किया है कि उसकी विश्वसनीयता कहीं बाधित नहीं होती है।

# संस्कृतिरेव जीवनम

**सुधांशु कुमारः**
*बी.ए. विशेषः संस्कृतम्, तृतीयं वर्षम्*

'संस्कृतिः' नितरां हि आह्लादकः बह्वर्थश्च शब्दः यस्मिन् अस्माकं आत्मा निवसति। संस्कृतिः अस्माकं रक्तं स्वेदः इव च। जनाः एनां विविध चित्र-विचित्ररागैः धर्मैः भाषाभिः कलाकृतिभिः भूषयन्ति।

वर्तमानसमये यस्मिन् कालखण्डे वयं जीवामः तस्मिन्, संस्कृतौ अनपेक्षिताः विकाराः चिन्ताविषयाः। वर्तमानकाले वैश्वीकृतबाजारव्यवस्थायां सत्यां एका एतादृशी संस्कृतिः उदिता दृश्यते यया सांस्कृतिक विविधता विपद्ग्रस्ता प्रतीयते। काऽपि संस्कृतिः भाषाश्रिता भवति। प्रत्येकं भाषायां शताब्दीनाम् इतिहासः, स्मृतयः चिन्तनं च समाविष्टं भवति। भाषायां समाजसंस्कृतिप्रतिविम्बकाः बहवः शब्दाः एतादशः भवन्ति ये संस्कृतौ आक्रमणे सति शनैः शनै विलोपं गच्छन्ति।

यदि काचित् भाषा म्रियते तदा तां भाषां वदतां जनानां सहस्राब्दीनां स्मृतयः अपि म्रियन्ते, तेषां जीवनशैली अपि शनैः शनैः नष्टा भवति। अतः मूलभाषा सदैव रक्षणीया भवति। अनेन बहवः उपभाषाः अपि जीविताः भवन्ति। समाजे ये जनाः अल्पायन्ते ते प्रायः स्वसंस्कृतेः रक्षार्थं स्वविशिष्टप्रतिनिध्यर्थं प्रयत्नशीलाः भवन्ति। अनेन ज्ञायते यत् सर्वे अपि स्वसंस्कृतेः रक्षार्थं प्रयत्नं कुर्वन्ति।

अधुना समाजे पूँजीवादिव्यवस्थायां एका विचित्रा एव चिन्तनधारा चलति। अस्यां धारायां भोगवादस्य प्रधानत्वात् कलाप्रेमिणः बुद्धिजीविनः धनार्जने तत्पराः स्वकीयां प्राचीनां संस्कृतिं विस्मृत्य संस्कृतेः उपयोगं केवलं स्वार्थसिद्धये कुर्वन्ति। संस्कृतेः गौरवं तिरोदधति। वर्धमाना हिंसा जीविकानाम् अल्पता, छात्राणाम् अनुशासनहीनता, युवकानां श्रमं विनैव धनार्जनस्य लालसा, मानवतायाः अभावः परेषाम् अन्धानुकरणम् इत्यादिरूपा परम्परा अन्ततः अस्माकं संस्कृतिं दुर्बलाम् एव करोति। भोगवादस्य वैश्वीकरणस्य च प्रभावेण सर्वत्र अद्य संस्कृतिं पृष्ठतः कृत्वा जनाः भोगवादस्य प्रभावे जीवन्ति। सर्वकाराः ग्रामान् नगराणि विदधति। अस्माकं पारम्परिकाः गृहाः अद्यत्वे सुधावज्रचूर्णनिर्मितेषु लघुगृहेषु परिवर्तन्ते। वस्त्रं भोजनं क्रीडा क्षेत्रं कृषिः मार्गः तडागः कूपः पूर्ववत् न दृश्यन्ते। ज्ञानार्जने या गम्भीरता आसीत् तत्र धनस्य चाकचक्यं प्रभावि दृश्यते। वस्तुतः देशस्य संस्कृतेः आधारभूताः ग्रामाः अधुना स्वस्वरूपं न धारयन्ति अतः संस्कृतेः स्वरूपं तीव्रगत्या परिवर्तमानं दृश्यते। अतः सर्वकारस्य अन्याः योजनाः इव एका ग्रामरक्षणयोजना अपि स्यात् यया ग्रामाः स्वस्वरूपे एव समृद्धाः भवेयुः। एतादृशाः ग्रामाः नगराणां स्वदेशस्य च संस्कृतिं रक्षितुं समर्थाः भवेयुः। अस्यां संस्कृतौ रक्षितायाम् एव वयं स्वाभाविकं जीवनं जीवामः इति अनुभविष्यामः।

# FREEDOM OF SPEECH

**Koshik Chawla**
*B.A.(H) Political Science, First year*

*I disapprove of what you say, but will defend to the death your right to say it.*

I have an opinion,
And I want to put it forward.
Tell it to the world,
How I feel,
What I feel,
And why I feel so.
I wanna let 'em know my ways,
My paths,
My preferences,
And my choices.

I wanna tell them,
God and Allah is one,
Temple and mosque are no different,
Faith is a choice not a compulsion,
Loving a faith does not mean hating the other,
And we're the children of the same supreme being.

I want to talk,
About our culture,
Our rich heritage,
And our glorious past,
About our music,
Our diverse art,
About the stories long forgotten.

I want to express my views,
On why did people not support women's rights,
Why was ban on triple talaq justified,
Why is Gunjan suffering,
And what improper dress code,
Was of the 100 year old.

I want to speak up,
On why is intolerance increasing,
Why is the land of immigrants banning them?
What wrong was done by the Sikh boy,
And how the world is becoming a nuclear toy.
We're standing on the verge of World War III,
Two superpowers competing for dominancy.

I want to ask you all,
If we've freedom of speech,
And freedom of expression,
Then why are cartoonists and journalists in jails?
What was the reason behind Gauri Lankesh's case,
Why was Bala taken to prison?
This is not the freedom of expression.

I have my opinion,
You have yours,
We might agree on some,
And differ on rest all.

Let's celebrate this difference,
'cause we got to listen to other side too,
We got a new angle to an old viewpoint,
It's a chance,
To learn something new,
To think out of the box,
To extend your horizons,
And to broader your point of view.

You and I may differ,
But, I respect your opinion,
I respect your views,
Because I believe in
Voicing my opinions,
And letting others do so.

"We are our own demons, we expel ourselves from our paradise." – J. W. Goethe

# राष्ट्रभाषा संस्कृतम्

**युवराज सिन्हा**
*बी.ए. विशेषः संस्कृतम्, द्वितीय वर्षम्*

सरलभाषा संस्कृतं सरसभषा संस्कृतम्।
सरससरलमनोज्ञमङ्गलदेवभाषा संस्कृतम्।।
मधुरभाषा संस्कृतं मृदुलभाषा संस्कृतम्।
मृदुलमधुरमनोहरामृततुल्यभाषा संस्कृतम्।।

देवभाषा संस्कृतं वेदभाषा संस्कृतम्।
भेदभावविनाशकं खलु दिव्यभाषा संस्कृतम्।।
अमृतभाषा संस्कृतं अतुलभाषा संस्कृतम्।
सुकृतिजनहृदि परिलसितशुभवरदभाषा संस्कृतम्।।

धर्मभाषा संस्कृतं कर्मभाषा संस्कृतम्।
धर्मकर्मनिबोधकं खलु शर्मदायकसंस्कृतम्।।
भुवनभाषा संस्कृतं भवनभाषा संस्कृतम्।
भरतभुवि परिलसितकविवरकवनभाषा संस्कृतम्।।
शस्त्रभाषा संस्कृतं शास्त्रभाषा संस्कृतम्।
शस्त्रशास्त्रभृदर्षभारतराष्ट्रभाषा संस्कृतम्।।




# हमारी कविता

**आस्था प्रियदर्शिनी**
*हिन्दी (विशेष), द्वितीय वर्ष*

हमें तो नहीं
पर हमारी कविताओं को
चिढ़ होती है तुम से
शब्द और पंक्तियाँ भी खिसियाती हैं
क्योंकि प्रतिद्वंद्वियों से
हार इन्हें स्वीकार नहीं .....
अक्सर ही
तुम्हारी प्रीति को अलंकृत करने को
सूझते कहाँ हैं शब्द कोई
अरे! ये इंसानों की बस्ती है
बस प्रीति से क्या
जब दिखता नहीं है
तो हम माने भी कैसे
हम तो यही कहेंगे
कि प्रीति है ही नहीं
बस, इसी बदलते ढर्रे पर
चल रही है हमारी कविता भी।



# दृश्य–अदृश्य
# PHOTO-ZONE

# COMMERCE SOCIETY FEST



# CULTURAL SOCIETY





Western Music Society secured 2nd position at NIT Delhi







# Department of English



# DEPARTMENT OF MATHEMATICS - Gaining new grounds...









D
I
M
E
N
S
I
O
N







# ECONOMICS SOCIETY



# FINE ARTS SOCIETY

ANNUAL FEST ------KALAMANJARI









# Garden Committee

Lecture was delivered by Prof. MaltiGoel, CEO Climate Change Research Institute, Delhi





The Gardeners werefelicitated for their hard work and dedication by the guest






The day was celebrated by planting saplings by the guest, teachersand students in the herbal garden.






# HISTORY SOCIETY — "ATEET"




HISTORY



SOCIETY

# INTERNATIONAL CONFERENCE ON APPLICABLE MATHEMATICS-2018
## (19th-20th February)












## The E-Cell of Motilal Nehru College








# Enactus Motilal Nehru College












Best Animal Welfare Organisation – Pet Fed Delhi – December 2,2017





Session with Federation of Indian Animal Protection Organizations (FIAPO)



FOREIGN STUDENTS CELL 2017-2018



# Report of the activities of Physics Department







# Women Development Committee















# MOTILAL NEHRU COLLEGE LECTURE SERIES










# CHEMISTRY SOCIETY













# SANSKRIT SOCIETY
















# HINDI SOCIETY








# GANDHI STUDY CIRCLE




ये कौन लोग हैं मौजूद तेरी महफ़िल में
जो लालचों से तुझे, मुझे जल के देखते हैं
-- अहमद फ़राज़



**MOTILAL NEHRU COLLEGE**

(University of Delhi)

Benito Juarez Marg, New Delhi - 110021

Printed by : IP 9818770735